www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 2 अगस्त 2022, शुक्ल पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-109 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

जिंदगी में जीतने के लिए जिद होनी चाहिए हारने के लिए तो एक डर ही काफी है!

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	34.0	26.3
बिलासपुर	34.2	26.4
जगदलपुर	31.4	23.6
अंबिकापुर	29.0	22.4

मुंबई और बेंगलुरू से प्रशिक्षित
मनोरोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचिता गोयल
MBBS, DNB, MNAMS
यदि आप या आपके संबंधी किसी भी प्रकार के मनोविकार से ग्रसित हो जैसे अनावश्यक चिंता, निराशा, घबराहट, बेचैनी, नींद की समस्याएं, नशे की लत, याददाश्त में कमी, अधिक गुस्सा और चिड़चिड़ाहट, एक ही प्रकार के कार्य या सोच बने रहना, बेवजह शक वहम करना, कानों में बेवजह आवाजें आना, मिर्गी के दौरे, आदि के लिये संपर्क करें-
HELLO MIND
Mental Health Care Clinic
महाराजा प्लाजा, शॉप नं. 11, भू-तल, नया धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट हेतु - +8827294202 पर संपर्क करें।
#MLEG-Raipur, 9039812490

आज बेबाक

उद्धव ठाकरे के सिपह साला जिसकी वजह से उद्धव ठाकरे बिन सेना के सेनापती बन कर रह गए है, वो आखिरकार ईडी की गिरफ्त में आ गए। आता माझी सटकली... आली रे आली आता तुझी बारी आली... कह कर ईडी ने उन्हे घर से उठा लिया। लगता है वे नवाब मलिक और अनिल देशमुख की तरह लंबे से नपेंगे। धरे जाने से पहले उन्होने पैतरेबाजी दिखाई कि वे ईडी के दबाव में शिवसेना नहीं छोड़ेंगे। इसका एकनाथ शिंदे ने सटीक जवाब दिया है कि उन्हे कोई बुला ही नहीं रहा है। सही बात है। ऐसे नॉटी घर के भेदी को कौन अपने घर में बुलाएगा।

सूर्योदय

उदय : 5:40 प्रात:

अस्त : 7:00 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,964,523,739

भारत: 1,408,795,538

बाजार

सेंसेक्स : 58115.50

निफ्टी: 17340.00

गोल्ड : 51,550 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 58,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.61 प्रति नग

आज का दिवस

नाग पंचमी

श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि यानी की 2 अगस्त 2022 नाग पंचमी है। इस दिन अष्टनागों की पूजा का विधान है। सावन में नाग पंचमी के पर्व का विशेष महत्व है। सावन और नाग दोनों शिव के बहुत प्रिय माने जाते हैं। नाग पंचमी हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। हिन्दू पंचांग के अनुसार सावन माह की शुक्ल पक्ष के पंचमी को नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन नाग देवता या सर्प की पूजा की जाती है और उन्हें दूध से स्नान कराया जाता है। लेकिन कहीं-कहीं दूध पिलाने की परम्परा चल पड़ी है। नाग को दूध पिलाने से पाचन नहीं हो पाने या प्रत्यूर्जता से उनकी मृत्यु हो जाती है। शास्त्रों में नागों को दूध पिलाने को नहीं बल्कि दूध से स्नान कराने को कहा गया है

केंद्र के खिलाफ जो बोलेगा उस पर होगी कार्रवाई : भूपेश

- **मुख्यमंत्री ने बीजेपी पर साधा निशाना, कर्मचारियों के आंदोलन पर कहा-बातचीत के सारे रास्ते खुले हुए**

रायपुर/नवप्रदेश। ईडी, सीबीआई और आईटी गैर भाजपा शासित राज्यों में सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही हैं। एजेंसियां छापा डाले तो कोई बात नहीं, लेकिन ये मेलाफ इड इंट्रेस्ट लेकर आती हैं और यह ज्यादा घातक है। उक्त बातें छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल सोमवार को जांजगीर-चांपा के शिवरीनारायण के लिए रवाना होने के पहले रायपुर में हेलीपेड पर मीडिया से चर्चा करते हुए कही। इस दौरान प्रदेश में शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा डीए व एचआरए को लेकर किए गए आंदोलन को लेकर कहा कि कर्मचारियों से बातचीत के द्वार खुले हुए हैं। महाराष्ट्र के शिवसेना सांसद संजय राउत की गिरफ्तारी से जुड़े सवालों पर मुख्यमंत्री ने कहा, सीधी सी बात है, केंद्र सरकार के खिलाफ जो बोलेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। सारे पूर्व उदाहरणों में यही है। पिछले आठ साल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

शिवरीनारायण में 30 बेड का बनेगा अस्पताल

सोमवार को सीएम भूपेश बघेल जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण में आयोजित कन्नौजिया कुर्मी समाज के नवनिर्मित धर्मशाला के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान घोषणाओं का पिटारा खोल दिया। अस्पताल से लेकर पुलिस एसडीओपी कार्यालय तक बनाने की बात कही। नए स्टेडियम का नामकरण भी कर दिया। कहा कि गांव में हो रहे बेजा कब्जा को ग्रामीणों के सहयोग से ही दूर करना चाहिए। इसमें पुलिस-प्रशासन के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे भांजा राम हैं और हमें राम राज्य के सपने को साकार करना है।

नहीं मिली राहत : 4 अगस्त तक ईडी की कस्टडी में संजय राउत

मुंबई (ए.)। शिवसेना सांसद संजय राउत को पात्रा चॉल स्कैम में राहत नहीं मिली। कोर्ट में सुनवाई के बाद उन्हें चार अगस्त तक की रिमांड पर भेज दिया गया। ईडी ने कोर्ट से आठ दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन वह चार अगस्त तक ईडी की हिरासत में रहेंगे। गौरतलब है कि कल शाम को ईडी ने संजय राउत को उनके घर से हिरासत में लिया था। इसके बाद करीब आधी रात को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आज सुबह मेडिकल कराने के बाद ईडी उन्हें लेकर कोर्ट पहुंची जहां काफी देर तक सुनवाई होती रही। वहीं ईडी का कहना है कि संजय राउत जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

उद्धव ठाकरे ने लिया संजय राउत का पक्ष

वहीं आज सोमवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने

पात्र चाल स्कैम का मामला

संजय राउत का खुलकर समर्थन किया। उन्होंने संजय राउत को असली शिवसैनिक और बालासाहेब का असली सिपाही बताया। इस दौरान उद्धव ने भाजपा को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उद्धव ने कहा कि संजय राउत उनके सामने झुके नहीं। इससे पहले उद्धव ठाकरे संजय राउत के घर भी पहुंचे थे और उनके परिवार से मुलाकात भी की थी।

रविवार रात हुई थी गिरफ्तारी

बता दें कि ईडी ने रविवार रात को शिवसेना सांसद संजय राउत को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी 1,200 करोड़ रुपए के पात्रा चॉल घोटाला मामले में की गई है। इससे पहले ईडी ने संजय के घर करीब 17 घंअे की तलाशी ली थी। इस दौरान पूछताछ भी की गई थी। वहीं ईडी द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद संजय राउत भगवा गमछा लहराते हुए बाहर निकले थे। इसके अलावा वह अपनी कार में सवार होकर बेहद स्टायलिश अंदाज में ईडी दफ्तर पहुंचे थे। इससे पहले उनके घर पर काफी इमोशनल माहौल हो गया था। एक वीडियो में दिखा था कि घर से निकलने से पहले संजय की मां ने उनकी आरती उतारी थी।

जबलपुर के अस्पताल में लगी भीषण आग 10 लोगों की मौत, कई लोग झुलसे

जबलपुर (ए.)। जबलपुर शहर के न्यू लाइफ स्पेशिलिटी अस्पताल में आग लगने से कई लोगों के हताहत होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि इस अगलगी में 10 लोगों की मौत अब तक हो चुकी है। इस अगलगी में करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग झुलस भी गए हैं। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार इस आग में कई मरीज जिंदा ही जल गए हैं। एक अन्य कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया है। आग लगने से अस्पताल में अफरातफरी का माहौल काफी देर तक बना रहा।

कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से यह भी कहा जा रहा है कि करीब 7 लोगों के शव को अस्पताल से निकाला गया है, जिसे उन्होंने अपनी आंखों से देखा है। अब तीन अन्य लोगों के मौत की भी खबर है। अस्पताल में कितने मरीज भर्ती थे इसकी जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। इस अस्पताल में करीब 100 लोगों का स्टाफ है। हालांकि कुल कितनी मौतें हुई हैं उसपर अभी संशय बना हुआ है। कहा जा रहा है कि हताहतों की संख्या अभी बढ़ सकती है।

पिकअप में लगा डीजे बना काल, करंट उतरने से 10 यात्रियों की मौत और कई घायल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में पिकअप गाड़ी में बिजली का करंट उतरने से 10 यात्रियों की मौत हो गई और कई लोग घायल हैं। पिकअप में कुल 27 लोग सवार थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद 16 लोगों को जलपाईगुड़ी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में कई लोगों को हल्की चोटें आई थीं। पुलिस का कहना है कि गाड़ी में लगे डीजे सिस्टम के जेनेरेटर की वायरिंग की वजह से करेंट उतरा होगा। एएसपी अमित वर्मा ने बताया, 'मेखलीगंज पीएस के तहत धरला ब्रिज पर एक घटना हुई, जहां पिकअप वैन बिजली की चपेट में आ गई। सभी यात्री जलपेश जा रहे थे। शुरुआती जांच से पता चला है कि यह हादसा जनरेटर (डीजे सिस्टम) की वायरिंग के कारण हो सकता है, जो गाड़ी के पिछले हिस्से में लगाया गया था।' स्थानीय BPHC ने कर दिया था रेफर : घायल यात्रियों को सबसे पहले चंग्रबंध बीपीएचसी लाया गया। यहां मेडिकल ऑफिसर ने 27 में से 16 लोगों को बेहतर इलाज के लिए जलपाईगुड़ी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डॉक्टर ने 10 लोगों को मृत घोषित कर दिया। कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन उनकी जांच की जरूरत है।'

एंबुलेंस में सागौन की तस्करी करते हुए पकड़े गए पशु चिकित्सा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर

- **भोपालपट्नम से बीजापुर लेकर जा रहे थे सागौन, चेकपोस्ट पर पकड़ाए**

बीजापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में वन विभाग की टीम ने पशु चिकित्सा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर को सागौन की तस्करी करते पकड़ा है। खास बात यह है कि उस फिल्मी स्टाइल में डिप्टी डायरेक्टर एंबुलेंस खुद ड्राइव करते हुए सागौन की चिरान ले जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, वन विभाग के सूचना मिली कि एंबुलेंस के जरिए सागौन की तस्करी की जा रही है। इस पर टीम ने भोपालपट्नम चेकपोस्ट पर रविवार शाम को चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक सरकारी एंबुलेंस क्रमांक सीजी 02-6384 तेज रफ्तार में बीजापुर की ओर जाती दिखाई दी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष के वकील का निधन

वाराणसी (वार्ता)। ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष के वकील अभय नाथ यादव का हृदयगति रूक जाने से निधन हो गया है। वह 62 वर्ष के थे। हिन्दू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने सोमवार को बताया कि रविवार रात सीने में दर्द की शिकायत पर श्री अभय नाथ यादव को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हे हृदयाघात आया और डाक्टरों के अथक प्रयास के बावजूद उन्हे बचाया नहीं जा सका।

केरल में मंकीपॉक्स के फैलने का खतरा

तिरुवनंतपुरम। केरल के त्रिसूर में मंकीपॉक्स का संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। मंकीपॉक्स से संक्रमित व्यक्ति की मौत के बाद 20 लोगों को क्वारंटाइन किया गया है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि पीड़ित व्यक्ति 10 लोगों से सीधे संपर्क में आया था, जिसमें उसके परिवार वाले और दोस्त शामिल हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य स्थायी समिति की सदस्य रेंजिनी ने कहा, 'हालात नियंत्रण में है। यहां किसी तरह की घबराहट नहीं है। पीड़ित व्यक्ति 10 लोगों के सीधे संपर्क में आया था।

लोकसभा में पक्ष-विपक्ष में टूटा गतिरोध 4 कांग्रेस सदस्यों का निलंबन खत्म

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस द्वारा सदन में नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करने एवं तख्तियां नहीं लाने के आश्वासन के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर कांग्रेस के चार सदस्यों के निलंबन को आज वापस ले लिया गया।

कांग्रेस के चार सदस्यों -सुश्री ज्योतिमणि, मणिक्कम टैगोर, टी एन प्रतापन एवं रमैया हरिदास को 25 जुलाई को तख्तियां दिखाने एवं आसन के इर्दगिर्द जमा हो कर शोरशराबा एवं हंगामा करने पर पूरे मानसून सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद सदन में कांग्रेस ने कार्यवाही में भाग नहीं लिया था। दो बार के स्थगन के बाद सदन के समवेत होने पर गतिरोध टूटा। सूत्रों के अनुसार श्री बिरला ने अपराह्न सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलायी और लोकसभा की उत्पादकता घटने पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार उनकी मांग के मुताबिक सदन में महंगाई पर चर्चा सूचीबद्ध है और सदन में विपक्ष का हंगामा बंद करके उनके इच्छित विषय पर चर्चा होनी चाहिये। अपराह्न दो बजे सदन में अध्यक्ष ओम बिरला के आग्रह पर संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कांग्रेस के चारों सदस्यों का निलंबन समाप्त करने का प्रस्ताव पेश किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से स्वीकृति प्रदान की और इसके ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

लोकसभा में गतिरोध खत्म, सांसदों का निलंबन वापस, शुरू हुई महंगाई पर चर्चा

नामकरण... मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, जनभावनाओं को देखते हुए राज्य शासन ने लिया निर्णय

छत्तीसगढ़ में गिरौदपुरी, चन्द्रखुरी और सोनाखान का बदल गया नाम

रायपुर/नवप्रदेश। अब चंदखुरी को माता कौशल्याधाम चंदखुरी, गिरौदपुरी को बाबा गुरू घासीदास धाम गिरौदपुरी और सोनाखान को शहीद वीरनारायण सिंह धाम सोनाखान के नाम से जाना जाएगा। राज्य शासन द्वारा शीघ्र ही राजपत्र में इन तीनों स्थानों के नए नामकरण संबंधी अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के महापुरूषों तथा आस्था के केंद्रों को जनभावनाओं के अनुरूप नई पहचान देने के लिए तीनों स्थानों का नाम बदलने के निर्देश दिए है। जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग लंबे समय से इन स्थानों का नाम बदलने की मांग कर रहे थे। बता दें कि संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, गुरूदयाल सिंह बंजारे, इंद्रशाह मंडावी, यूडी मिंज तथा विधायक सर्वश्री बृहस्पत सिंह, गुलाब सिंह कमरो और डॉ. विनय जायसवाल ने मुख्यमंत्री से जनभावनाओं के अनुरूप गिरौदपुरी और सोनाखान का नाम बदलने का आग्रह करते हुए इस संबंध में अपना पत्र सौंपा था। छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लाखों अनुयायियों की आस्था का केंद्र

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में स्थित गिरौदपुरी सतनाम पंथ के लाखों अनुयायियों की आस्था का केंद्र है। यह बाबा गुरू घासीदास की जन्मस्थली और तपोभूमि है। सतनाम समाज और स्थानीय लोग लंबे समय से गिरौदपुरी को बाबा गुरू घासीदास धाम गिरौदपुरी के नाम से प्रतिष्ठित करने की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने आज उनकी यह बहुप्रतीक्षित मांग पूरी कर दी है।

शहीद वीरनारायण सिंह के नाम से जाना जाता है

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में ही स्थित सोनाखान 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद वीरनारायण सिंह के नाम से जाना जाता है। अंग्रेजों द्वारा गिरफ्तारी के बाद 10 दिसम्बर 1857 को उन्हें रायपुर के जयस्तंभ चौक में फांसी दे दी गई थी। सोनाखान में जन्मे बिंझवार जनजाति के शहीद वीरनारायण सिंह की वीरता और गरीबों के लिए संघर्ष को अक्षुण्य रखने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लंबे समय से सोनाखान का नाम उनके नाम से जोड़ने की मांग कर रहे थे। सोनाखान के शहीद वीरनारायण सिंह धाम सोनाखान के रूप में नए नामकरण से क्षेत्रवासियों और जनजाति समाज की पुरानी मांग पूरी हो रही है।

चंदखुरी में विश्व का इकलौता कौशल्या मंदिर

रायपुर से लगे चंदखुरी में विश्व का इकलौता कौशल्या मंदिर है। वहां माता कौशल्या के साथ भगवान श्रीराम अपने बालरूप में विराजे हैं। छत्तीसगढ़ को माता कौशल्या का मायका और श्रीराम का ननिहाल माना जाता है। राज्य शासन ने देश-प्रदेश के लाखों लोगों के श्रद्धा के केंद्र चंदखुरी को श्रीराम वन गमन पर्यटन परिपथ में शामिल कर वहां तालाब के बीच स्थित माता कौशल्या मंदिर का जीर्णोद्धार और तालाब का सौंदर्यीकरण कराया है। तालाब के पास ही भगवान श्रीराम की विशालकाय प्रतिमा भी स्थापित की गई है।

संपादकीय

ईडी की कार्यवाही से शिवसेना में हड़कंप

1000 करोड़ रूपए के पात्रा जमीन घोटाले के मामले में उद्धव ठाकरे के खास सिपह सालार और शिवसेना के प्रवक्ता संजय राउत को आखिरकार ईडी ने गिरफ्तार कर ही लिया। ईडी ने उन्हे दो बार समन भेजा था लेकिन संजय राउत पूछताछ के लिए ईडी के दफ्तर नहीं पहुंचे और यह कहा दिया था कि संसद का मानसून सत्र चल रहा है जिसमे राज्यसभा सदस्य होने के नाते उन्हे उपस्थित रहना है इसलिए उन्हे कुछ और वक्त दिया जाएं। ईडी ने उनकी यह बात नहीं मानी और सुबह सवेरे उनके घर पर ईडी की टीम ने दस्तक दी। उनके घर पर ही ईडी की टीम ने उनसे दस घंटे तक पूछताछ की लेकिन संजय राउत ने इस पूछताछ में ईडी का सहयोग नहीं किया, नतीजतन ईडी उन्हे अपने दफ्तर ले गई और फिर उन्हे हिरासत में ले लिया। इस बीच संजय राउत ने लगातार ट्वीट किए और केन्द्र सरकार पर ईडी का दुरूपयोग करने का ओराप लगाया। उन्होने दावा किया कि उन्हे झूठ मामले में फंसाया जा रहा है लेकिन वे झुकने वाले नहीं है और न ही वे शिवसेना छोड़ेंगे। इसपर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रतिक्रिया दी है कि संजय राउत को कोई बुला भी नहीं रहा है। जाहिर है संजय राउत ईडी कार्यवाही से बौखलाकर इस तरह की बयानबाजी कर रहे है। वैसे भी संयज राउत को विवादास्पद बयानबाजी करने में मास्टरी हासिल है। बहरहाल संजय राउत की गिरफ्तारी के बाद शिवसेना में हड़कंप मच गया है और उद्धव ठाकरे ने पहले संजय राउत के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की और अब वे शिवसेना की आपात बैठक बुला रहे है। इधर संसद में शिवसेना की राज्यसभा सदस्य प्रीयंका चतुर्वेदी ने ईडी की कार्यवाही के खिलाफ प्रदर्शन किया है। मुंबई में भी उद्धव ठाकरे और संजय राउत के समर्थक ईडी की कार्यवाही का विरोध कर रहे है, हो सकता है वे आंदोलन भी छेड़ें। मजे की बात यह है कि संजय राउत की ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी के मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस के सुप्रीमो शरद पवार ने चुप्पी साध ली है। जब उनसे पत्रकारों ने इस बारे में सवाल किया तो उन्होने कोई भी प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया। इसका मतलब साफ है कि संजय राउत के मामले में शरद पवार ने किनारा कर लिया है। अब संजय राउत की गिरफ्तारी के उनके जब ईडी कड़ी पूछताछ करेगी तो और भी कई चेहरे बेनकाब होंगे। देखना होगा कि ईडी की कार्यवाही में संजय राउत सहयोग करेंगे या पहले की तरह हेकड़ी दिखाएंगे। यदि वे पूछताछ में सहयोग नहीं करेंगे तो निश्चित रूप से नवाब मलिक और अनिल देखमुख की तरह की वे भी लंबे से नपेंगे।

विचार

कोश्यारी की गलती क्या है?

महाराष्ट्र के राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी के एक बयान को लेकर महाराष्ट्र के नेता लोग कैसा धमाल मचा रहे हैं ? कोश्यारी ने मारवाड़ियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि यदि मारवाड़ी और गुजराती व्यापारियों को हटा दिया जाए तो मुंबई देश की आर्थिक राजधानी नहीं रह पाएगी। कोश्यारी के इस बयान में गलत क्या है? उन्होंने जो सर्वमान्य तथ्य है, उसे बस कहा भर है। उन्होंने महाराष्ट्र के मराठों और दक्षिण भारतीयों के बारे में कोई ऐसी बात नहीं कही, जो अपमानजनक या आपत्तिजनक है। उन्होंने मुंबई के मारवाड़ी और गुजराती सेठों की पीठ ठोककर महाराष्ट्र का भला ही किया है। सेठों को यह नहीं लगेगा कि वे महाराष्ट्र पर कोई बोझा हैं। कोश्यारी के बयान से वे थोड़े और उत्साहित हो जाएंगे। जहां तक मराठीभाषी लोगों का सवाल है, उन्होंने ऐसा एक शब्द भी नहीं बोला, जिससे उनका अपमान हो या अवमूल्यन हो। जब पक्ष और विपक्ष के सभी नेताओं ने उनके बयान की आलोचना की तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि उनके अभिप्राय को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है। वे मराठी लोगों के योगदान के प्रशंसक हैं लेकिन ज़रा हम देखें कि महाराष्ट्र के सभी नेता कैसी भेड़चाल चल रहे हैं। भाजपा, शिवसेना, कांग्रेस आदि सभी दलों के नेताओं ने राज्यपाल के बयान को या तो गलत बताया है या उसकी कड़ी भर्त्तसना की है। हर नेता मराठीभाषी मतदाताओं को खुश करने के लालच में फिसलता गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी अपना मौन तोड़ दिया। किसी की भी हिम्मत नहीं पड़ी कि अधमरी शिवसेना के पति उद्धव ठाकरे को कोई मुंहतोड़ जवाब देता। ठाकरे ने शिष्टता की सारी मर्यादाओं का उल्लंघन कर दिया है। उन्होंने कहा है कि राज्यपाल को इस वक्त 'कोल्हापुरी चप्पल' दिखाने का वक्त है। इतना फूहड़ बयान तो किसी नेता का आज तक हमने कभी सुना नहीं। जो व्यक्ति महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री रह चुका हो, वह एक बुजुर्ग राज्यपाल के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करेगा, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने राज्यपाल कोश्यारी पर 'नमकहरामी' होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन साल से कोश्यारी महाराष्ट्रियनों का नमक खा रहे हैं और फिर भी उनकी निंदा कर रहे हैं। वे मराठी और गैर-मराठी लोगों में दुश्मनी पैदा कर रहे हैं। उन्हें बर्खास्त किया जाए या जेल भेजा जाए। ये सारे विषाक्त वाक्य क्या बता रहे हैं? यही कि उद्धव ठाकरे की हताशा चरम सीमा पर है। वे अपने खाली झुनझुने को पूरी ताकत से हिला रहे हैं। उनका बयान सुनकर मराठी-मानुस उन पर हंसने के अलावा क्या कर सकते हैं? वे अब चाहें तो मारवाड़ियों और गुजरातियों को महाराष्ट्र से भगाने का अभियान भी चला सकते हैं लेकिन कांग्रेस और शरद पवार कांग्रेस की गोद में बैठकर सत्ता-सुख भोगनेवाले ठाकरे परिवार की बौखलाहट पर अब मराठी लोग कान क्यों देंगे? महाराष्ट्र के लोगों को पता है कि ठाकरे परिवार ऐसा अभियान चला देगा तो महाराष्ट्र के कई शहरों में लाखों लोग बेरोजगार हो जाएंगे।

यूक्रेन-रूस लड़ाई को क्या नाम दें?

हरजिंदर

वर्तमान के विश्लेषण में एक खतरा यह भी होता है कि हम अक्सर उसमें अतीत का दोहराव या उसकी कोई परछाईं खोजने लग जाते हैं। हम इतिहास से सबक नहीं लेते, लेकिन उसके उदाहरणों के प्रभाव में आ जाते हैं। अगर कोई तानाशाह दिखता है, तो हम उसकी तुलना तुरंत हिटलर से करने लगते हैं। कहीं कोई अति-राष्ट्रवादी विचारधारा उभरती है, तो हम उसमें नाजीवाद के दर्शन करने लगते हैं। इसी तरह, किसी भी वैश्विक तनाव की व्याख्या हम दोनों विश्व युद्ध और शीत युद्ध की सीमाओं में खोजते हैं। नए दौर को पुराने वक्त से परिभाषित करने का एक नतीजा यह भी होता है कि हम सरलीकरण कर देते हैं और समस्या की बहुत सारी जटिलताएं नजरअंदाज हो जाती हैं। यही रवैया हम रूस और यूक्रेन की वर्तमान लड़ाई के मामले में भी अपना रहे हैं। इस युद्ध ने पश्चिमी देशों को दो हिस्सों में जरूर बांटा है, लेकिन बाकी दुनिया उस तरह से दो हिस्सों में नहीं बंटी, जैसी शीत युद्ध की दो ध्रुवीय दुनिया बंटी थी।

किसी भी युद्ध के लिए डेढ़ सौ दिन का समय बहुत लंबा होता है। लड़ाई चाहे कितनी भी भयानक क्यों न चल रही हो, इतने दिनों में युद्ध की उबाऊ खबरें अखबारों में अंदर के पन्नों पर चली जाती हैं और न्यूज चैनल उनका जिक्र तक बंद कर देते हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग फिलहाल इसी दौर से गुजर रही है। 24 फरवरी को जब रूस ने यूक्रेन पर हमला बोला था, तब बड़ी आसानी से यह मान लिया गया था कि जल्द ही वह रूस की बलशाली सेना के कब्जे में आ जाएगा। टेलीविजन की खबरों में हर पल यही बताया जाता था कि रूसी सेना यूक्रेन की राजधानी कीव से अब कितनी दूर है। यूक्रेन तो खैर शुरू से ही रक्षात्मक मुद्रा में था, लेकिन इस युद्ध में रूस को जो पापड़ बेलने पड़ रहे हैं, उसने आसान सी समझी जाने वाली विजय यात्रा को टेढ़ी खीर बना दिया है। लेकिन यह जंग उससे भी टेढ़ी खीर युद्धशास्त्र के उन माहिरों और राजनय के विशेषज्ञों के लिए बन गई है, जो इस लड़ाई को परिभाषित करने की कोशिश कर रहे हैं।

जंग जब शुरू हुई थी, तब तकरीबन सभी ने इसे शीत युद्ध की वापसी कहना शुरू कर दिया था। किसी युद्ध विश्लेषक के लिए यह नया शीत युद्ध था, तो किसी के लिए यह दूसरा शीत युद्ध। यह कहना बहुत आसान भी था, क्योंकि शीत युद्ध की तरह इस बार भी तनाव मुख्यतः अमेरिका और रूस के बीच था। इस बार भी दोनों की सेनाएं आमने-सामने नहीं लड़ रही थीं। शीत युद्ध की तरह ही इस बार भी दुनिया भर में हथियारों की एक नई होड़ शुरू हो गई थी। मगर नए तनाव को पुराने चश्मे से देखने का यह सिलसिला लंबा नहीं चल सका। जंग शुरू होने के कुछ समय बाद ही इस नए शीत युद्ध की अवधारणाओं से असहमतियां उपजनी शुरू हो गईं। जिसे हम शीत युद्ध कहते थे, वह दरअसल दो परस्पर विरोधी विचारधाराओं की लड़ाई थी- साम्यवाद और उदारवाद या पूंजीवाद। लेकिन अब जो तनाव है, उससे विचारधाराओं की लड़ाई नदारद है। इस लड़ाई में आपको रूस समर्थक या यूक्रेन समर्थक देश तो बहुत आसानी से दिख जाएंगे, लेकिन वह दुनिया अब कहीं नहीं है, जिसमें इसका अर्थ होता

था, साम्यवाद समर्थक और पूंजीवाद समर्थक।

एक विचार यह भी है कि दरअसल जिसे हम शीत युद्ध कहते हैं, वह युद्ध था ही नहीं। वह एक तरह का संतुलन था, जिसे अंदर खदबदाती तरह-तरह की आग के बावजूद दुनिया ने साध रखा था, जबकि इस समय मामला किसी संतुलन के सधने का नहीं, बल्कि बिगड़ जाने का है। कुछ इतिहासकार तो अब यहां तक कहने लगे हैं कि दुनिया में इस समय वैसी ही परिस्थितियां बनती जा रही हैं, जैसी प्रथम विश्व युद्ध के पहले थीं। इसलिए रूस और यूक्रेन की इस लड़ाई को किसी बड़े युद्ध का पूर्वकाल भी कहा जा रहा है। हम कामना करेंगे कि ऐसा न हो!

जब शीत युद्ध था, तब अमेरिका और सोवियत संघ दुनिया की सबसे बड़ी ताकतें थीं, जिनके आसपास उस तनाव का पूरा ध्रुवीकरण हुआ था। अमेरिका तो अब भी अपनी जगह पर बना हुआ है, लेकिन रूस के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। सैनिक ताकत के रूप में चीन बहुत पहले रूस को काफी पीछे छोड़ चुका है। चीन ने जिस तरह के हथियारों का उत्पादन किया है और जिस तरह से अपनी सेना को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया है, उसके बाद से यह माना जाने लगा है कि ताकत के मामले में चीन अगर अमेरिका से बीस नहीं है, तो उन्नीस भी नहीं रह गया है। हालांकि, यह भी सच है कि चीन के पास युद्ध लड़ने का कोई ताजा अनुभव नहीं है। उसने आखिरी लड़ाई सन 1979 में वियतनाम से लड़ी थी, जिसमें उसे हार का मुंह देखना पड़ा था। बावजूद इसके चीन को ही इस समय दुनिया की दूसरी बड़ी ताकत माना जाता है। अमेरिका अपनी तैयारियां भी इसी हिसाब से कर रहा है। क्वाड जैसी व्यूह रचनाएं भी इसीलिए तैयार की जा रही हैं। रूस और यूक्रेन की लड़ाई में चीन ने जो रुख अपनाया है, उसने सभी को हैरत में डाला है। वह खुले तौर पर रूस के समर्थन में नहीं आया, लेकिन उसने व्लादिमीर पुतिन को रोकने की कोशिश भी नहीं की। तमाम विश्लेषकों का कहना है कि चीन इस लड़ाई के लंबा खिंचने में ही अपना हित देख रहा है। जितनी लंबी यह लड़ाई खिंचेगी, रूस उतना ही कमजोर होगा और उतनी ही उसकी चीन पर निर्भरता बढ़ेगी। यानी, अगर नए तनाव के ध्रुव अमेरिका और चीन हैं, तो फिर अमेरिका और रूस के शीत युद्ध की बात करने का कोई अर्थ नहीं।

वर्तमान के विश्लेषण में एक खतरा यह भी होता है कि हम अक्सर उसमें अतीत का दोहराव या उसकी कोई परछाईं खोजने लग जाते हैं। हम इतिहास से सबक नहीं लेते, लेकिन उसके उदाहरणों के प्रभाव में आ जाते हैं। अगर कोई तानाशाह दिखता है, तो हम उसकी तुलना तुरंत हिटलर से करने लगते हैं। कहीं कोई अति-राष्ट्रवादी विचारधारा उभरती है, तो हम उसमें नाजीवाद के दर्शन करने लगते हैं। इसी तरह, किसी भी वैश्विक तनाव की व्याख्या हम दोनों विश्व युद्ध और शीत युद्ध की सीमाओं में खोजते हैं। नए दौर को पुराने वक्त से परिभाषित करने का एक नतीजा यह भी होता है कि हम सरलीकरण कर देते हैं और समस्या की बहुत सारी जटिलताएं नजरअंदाज हो जाती हैं। यही रवैया हम रूस और यूक्रेन की वर्तमान लड़ाई के मामले में भी अपना रहे हैं। इस युद्ध ने पश्चिमी देशों को दो हिस्सों में जरूर बांटा है, लेकिन बाकी दुनिया उस तरह से दो हिस्सों में नहीं बंटी, जैसी शीत युद्ध की दो ध्रुवीय दुनिया बंटी थी। यहां तक कि वे देश भी, जो अपने आप को गुटनिरपेक्ष कहते थे और किसी एक का पक्ष न लेने की कसमें खाते थे, वक्त-बेवक्त किसी एक पक्ष के साथ खड़े दिखाई देते थे। इस बार ऐसा नहीं है। कम से कम अभी तक तो नहीं है।

यह उम्मीद कैसे की जाए कि 21वीं सदी के 22वें साल में यह दुनिया जब किसी तनाव में फंसेगी, तो 21वीं सदी वाले समीकरण ही उसकी किस्मत का फैसला करने आगे आएंगे। ऐसा सोचना पिछली एक सदी के इतिहास और उस दौरान आए व्यापक बदलावों को भी नकारना होगा।

बाघों को बचाने की निरंतर जारी जंग

साकेत बडोला

वन्य-जीवों से जुड़े अपराधों को लेकर हमें अधिक चौकस रहना होगा। दो दिन पहले ही लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने बताया था कि पिछले तीन साल में देश भर में प्राकृतिक और अप्राकृतिक कारणों से 329 बाघों की मौत हुई है। साल 2019 में 96, 2020 में 106 और 2021 में 127 बाघों ने किन्हीं वजहों से अपनी जान गंवाई। हालांकि, अच्छी बात यह है कि बाघों के शिकार में कमी आई है। साल 2019 में जहां 17 बाघ तस्करों की भेंट चढ़े, तो वहीं 2021 में यह संख्या घटकर चार रह गई। जाहिर है, दुनिया भर में बाघ से जुड़े उत्पादों की मांग होने के बावजूद हमने उनके शिकार को काफी हद तक थाम लिया है। यही वजह है कि पिछले दिनों जब उनकी मौत को लेकर चर्चा गरम हुई थी, तब अप्राकृतिक मौत में कमी आने की बात सामने आई थी। फिर भी, हमें यही कोशिश करनी है कि हमारा एक भी बाघ तस्करों की भेंट न चढ़े।

आज बाघों पर विमर्श का दिन है। बाघों के संरक्षण की दरकार इसलिए है, क्योंकि हमारी खाद्य श्रृंखला में यह शीर्ष के जीवों में है। संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र के लिए हमें इसे बचाना ही होगा। यही कारण है कि जब दुनिया में बाघों की संख्या में गिरावट देखी गई, तो 2010 में भारत, बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल, रूस, कंबोडिया, चीन, थाईलैंड, वियतनाम जैसे बाघों की रिहाइश वाले 13 देश एकजुट हो गए। सेंट पीटर्सबर्ग में उनके शासनाध्यक्षों का शिखर सम्मेलन हुआ, जिसमें 2022 तक बाघों की संख्या दोगुनी करने का लक्ष्य रखा गया और बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 29 जुलाई को विश्व बाघ दिवस मनाने का फैसला किया गया। इसमें 12 साल की सीमा इसलिए तय की गई, क्योंकि 2010 चीन के हिसाब के बाघ का वर्ष था, और 2022 में इसकी पुनरावृत्ति होनी थी।

यह सुखद है कि विश्व समुदाय सेंट पीटर्सबर्ग के लक्ष्य को पाने में सफल रहा। हालांकि, यह नतीजा मिला-जुला रहा है, क्योंकि भारत, नेपाल, रूस जैसे कुछ देशों ने जहां उम्मीद से अधिक प्रदर्शन किया, वहीं दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ देश अपने लक्ष्य नहीं पा सके। वहां बाघों की संख्या कम ही हुई है। माना जा रहा है कि 13 में से तीन देश में बाघ या तो खत्म हो गए हैं या फिर लुप्त होने को हैं। लेकिन बाघ संरक्षण के मामले में भारत की प्रगति उल्लेखनीय मानी जा रही है। यहां हर चार साल पर बाघों की गिनती होती है, और पिछली गिनती में ही (साल 2018) हमने सेंट पीटर्सबर्ग घोषणापत्र का लक्ष्य हासिल कर लिया था।

दुनिया में बाघों की जितनी संख्या है, उसकी 70 फीसदी आबादी भारत में ही बसती है। 2018 की गणना के मुताबिक, भारत में कुल 2,967 बाघ हैं। हम इस लक्ष्य तक इसलिए पहुंच सके, क्योंकि बाघ संरक्षण के प्रयासों को सुनिश्चित किया गया। उनके लिए सुरक्षित आवास और अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण को लेकर प्रतिबद्धता दिखाई गई। एक समर्पित इकाई राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण का गठन किया गया। हालांकि, 'प्रोजेक्ट टाइगर' के रूप में यह पहले से काम कर रहा था, लेकिन इसे अधिकृत निकाय बनाया जाना काफी फायदेमंद साबित हुआ। अब बाघ संरक्षण के तमाम काम इसी की निगरानी और नेतृत्व में होते हैं।

बाघ संरक्षण की दिशा में भारत की एक अन्य कोशिश काफी सफल रही, और वह है- टाइगर रिजर्व को विस्तार दिया जाना। साल 1973 में केंद्र सरकार ने नौ टाइगर रिजर्व के गठन के साथ 'प्रोजेक्ट टाइगर' की शुरुआत की थी, आज बाघ संरक्षित क्षेत्रों की संख्या बढ़कर 52 हो गई है। इससे बाघों को अपना प्राकृतिक आवास मिला है। इसमें कोई दोराय नहीं कि इस मामले में हमारे यहां भरपूर राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाई गई। यहां का शीर्ष नेतृत्व उस सिद्धांत को जीता है, जिससे भारत गुंथा हुआ है, यानी विविधता में एकता। अगर कहीं कोई कड़ी कमजोर जान पड़ी, तो उसे संभालने के लिए पूरा देश एकजुट हुआ। यही कारण रहा कि प्रोजेक्ट टाइगर जैसी परियोजना को हरेक सरकार का पूरा साथ मिला और हमने इसका अच्छा नतीजा प्राप्त किया।

बाघों को बचाने के लिए हमारे यहां तमाम संस्थाओं ने भी हाथ मिलाए। इसके लिए जरूरी संसाधन वक्त-वक्त पर जारी किए जाते रहे। वन विभाग अपने तईं काफी काम कर सकता है, पर यदि संसाधन न मिले, तो उसके काम भी कई तरह की सीमाओं में बंध जाते हैं। अपने यहां बाघ रिहाइशी क्षेत्रों में पेट्रोलिंग के लिए बुनियादी ढांचे का विकास किया गया और कई जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई गई, जिनसे बाघों की निगरानी आसान हो सकी। स्थानीय समुदायों का भी काफी सहयोग मिला। बिना उनकी मदद के शायद हम बाघों की संख्या दोगुनी करने का लक्ष्य नहीं पाते। इसका यह मतलब नहीं है कि कोई कमी नहीं है। बाघों की संख्या सर्वाधिक होने के कारण भारत पर कई तरह की जिम्मेदारियां हैं। हम दूसरे देशों से अपनी तुलना नहीं कर सकते। कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जिन पर हमें विशेष ध्यान देना ही होगा। मसलन, संसाधन के मोर्चे पर अभी और काम करने की आवश्यकता है। चूंकि बाघों की संख्या ज्यादा है, इसलिए उनकी निगरानी के लिए अधिक कर्मचारी और आधुनिक साजो-सामान की जरूरत है। उनका प्राकृतिक वास बना रहे, इसके लिए भी हमें और प्रयास करने होंगे। उनसे संबंधित शोध एवं अनुसंधान भी एक जरूरी क्षेत्र है। वन्य-जीवों से जुड़े अपराधों को लेकर हमें अधिक चौकस रहना होगा। दो दिन पहले ही लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में केंद्रीय पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने बताया था कि पिछले तीन साल में देश भर में प्राकृतिक और अप्राकृतिक कारणों से 329 बाघों की मौत हुई है। साल 2019 में 96, 2020 में 106 और 2021 में 127 बाघों ने किन्हीं वजहों से अपनी जान गंवाई। हालांकि, अच्छी बात यह है कि बाघों के शिकार में कमी आई है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

वक्त की मार से

वक्त की मार से आदमी डरता है , उसकी इज़्ज़त मगर वो कहां करता है। उस सफर के मुसाफिर हैं हम जिसमें बस, धोखा देकर कोई रास्ता मिलता है। हम समंदर के नखरे उठाते हैं पर, वो किनारों से हरदम वफा रखता है। हौसलों से बड़ी चीज़ कोई नहीं, हौसला हो तो आकाश भी झुकता है। अस्ल की कोई इज़्ज़त नहीं मुल्क में, अब यहां खोटा सिक्का बहुत चलता है।

- संजय दानी

जिनके दौर की

जिनके दौर की चवन्नियां अठन्नियां गायब हुई हैं, वो लोग भी खुद को मैच्योर और तजुर्बेकार मान रहे हैं, और एक हमें देखो हमारे जमाने में 2 खडकू पैसे में एक लेवणचुस मिल जाती थी, और दस पैसे के 10 कन्चे मिल जाते थे। खैर, फिर भी हम खुद को बच्चा ही मानते हैं।

- ओम प्रकाश जायसवाल

ख़ास पाती | आज फिर से चाहिए साहित्य-भू

आज फिर से चाहिए साहित्य-भू को प्रेमचन्द। पूर्ण कर सकता समय की आरज़ू को प्रेमचन्द। मानवी संवेदना को जानते थे इसलिए, पेश कर पाया सतत उस हू-ब-हू को प्रेमचन्द। दीन-दुखियों को सुखों की छाँव शीतल मिल सके, कर दिया वर्णित अतः उस सत्य-लू को प्रेमचन्द। कारकूनों, सूदखोरों या सियासतदानों की, है बताया असलियत के रंग-बू को प्रेमचन्द। जालपा, हामिद व जुम्मन शेख, अलगू चौधरी, है दिखाया हर चरित की आबरू को प्रेमचन्द। पात्र पशुओं को बनाकर भी कहानी कह गए, जानते थे मानवेतर गुफ्तगू को प्रेमचन्द। वास्तविकता के धरातल पर खड़ा लाकर किया, नित कथा साहित्य की हर जुस्तजू को प्रेमचन्द।- **भाऊराव महंत**

ज़मीं पर ख्वाब आंखों का हक़ीक़त

ज़मीं पर ख़्वाब आंखों का हक़ीक़त में उतरता है बिना कीमत के देखो तो हुनर हर दिन निखरता है खिलौने बेचकर आया खिलौना हो गया बचपन यहाँ अपना कलेजा टूटता जुड़ता बिखरता है अनोखा खेल होता है तमाशा देख किस्मत का बढ़ा होकर समंदर तू किनारे पर ही मरता है न जाने क्यूँ झुलसती है यहाँ दुल्हन की मेहंदी रे जनाज़ा कल की डोली का दिलों में शोर करता है लगाता दाम क्या तू है मेरे इक बहते आँसू का मेरे हर एक आँसू से तेरा ये घर सँवरता है। **- दिनेश भोपाली**

खाक मुझमें कोई कमाल रखा है,

खाक मुझमें कोई कमाल रखा है, मुझे तो मेरे साई तूने संभाल रखा है, मेरे ऐबों पर डाल के पर्दा, मुझे अच्छों में डाल रखा है, मेरा नाता साई प्रेमियो से जोड़ के, तूने मेरी हर मुसीबत को टाल रखा है, मैं तो कब का मिट गया होता, हे मेरे साई मुझे तो बस आपके आशीर्वाद ने संभाल रखा है। **- अश्क शायर**

माँ ! तुम संग मनायी तीज अब यादें बनकर रह गयी!

माँ ! तुम संग मनायी तीज अब यादें बनकर रह गयी! माँ! तुम सपने में भी यही कहती हो मैं कहीं नहीं गई हरपल तुम्हारे साथ हूं! फिर दिखती क्यों नहीं हो सास बिना ससुराल और माँ बगैर मायका यह कहावत सच कर गयी हो तीज का त्योहार अधूरा सा लगता है घेवर और खीर की मिठास मानों कहीं खो गयी अब सब सपना सा लगता हैं।

- वंदनागोपाल शर्मा शैली

उद्धव ठाकरे के सिपह साला जिसकी वजह से उद्धव ठाकरे

उद्धव ठाकरे के सिपह साला जिसकी वजह से उद्धव ठाकरे बिन सेना के सेनापती बन कर रह गए है, वो आखिरकार ईडी की गिरफ्त में आ गए। आता माझी सटकली... आली रे आली आता तुझी बारी आली... कह कर ईडी ने उन्हे घर से उठा लिया। लगता है वे नवाब मलिक और अनिल देशमुख की तरह लंबे से नपेंगे। धरे जाने से पहले उन्होने पैतरेबाजी दिखाई कि वे ईडी के दबाव में शिवसेना नहीं छोड़ेंगे। इसका एकनाथ शिंदे ने सटीक जवाब दिया है कि उन्हे कोई बुला ही नहीं रहा है। सही बात है। ऐसे नॉटी घर के भेदी को कौन अपने घर में बुलाएगा।

- हेमा पाण्डेय

पगला तेरे प्यार में, नाच रहा मन

पगला तेरे प्यार में, नाच रहा मन मोर ये। पतियाँ तेरे प्यार की, बाँच रहा निश भोर ये। चातक आँखे ताकती,साँस चुभे नित शूल सी मुरझाई है देह भी, देख हमारी फूल सी। प्रीत लगा कर मीत यूँ, रूठ गया क्यूँ बावरे। धड़कन धड़कन तू बसा, मान सखा ये साँवरे। ये नैना तुझसे जो मिले, गया कलेजा हाथ से। सुख चैन कलेजे में पड़े, अब तो तेरे साथ से।।- **आशा पाण्डेय ओझा**

QUIZ TIME

1) भारत के किस प्रांत में सर्वप्रथम साम्यवादी सरकार बनी?

2) परिवार नियोजन कार्यक्रम को सर्वप्रथम किस देश ने अपनाया?

3) एमसीएक्स भारत के किस स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक है?

4) ईस्ट इंडिया कम्पनी गठन के समय भारत का बादशाह कौन था?

5) आबू धाबी में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कारों में किसने सर्वश्रेष्ट पुरुष अभिनेता का पुरस्कार जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) केरल (2) भारत (3) मल्टी कमोडिटी स्टॉक एक्स (4) अकबर (5) विक्की कौशल

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1763 - मुर्शिदाबाद पर कब्जा करने के बाद ब्रिटिश सेना का पश्चिम बंगाल के गिरिया में मीर कासिम से युद्ध हुआ। 1831 - नीदरलैंड की सेना ने 10 दिनों के अभियान के बाद बेल्जियम पर कब्जा किया।1858 - ब्रिटिश सरकार ने गवर्मेंट ऑफ इंडिया एक्ट पारित किया। 1858 - ब्रिटेन की संसद ने ईस्ट इंडिया कंपनी से भारतीय प्रशासन अपने हाथों में लेने वाला विधेयक पारित किया। 1870 - लंदन में विश्व का प्रथम भूमिगत ट्यूब रेलवे टावर सबवे शुरू हुआ। 1922 - चीन में समुद्री तूफान टाइफून से लगभग साठ हजार लोगों की मृत्यु 1923 - अमेरिका के 29वें राष्ट्रपति वारेन जी हार्डिंग की कार्यालय में मृत्यु। 1932 - पॉजीट्रॉन, इलेक्ट्रॉन के एक कण की कार्ल डी एंडीसन ने खोज की। 1935 - भारत सरकार अधिनियम ब्रिटिश संसद ने अगस्त 1935 में पारित कर बर्मा तथा अदन को भारत से अलग किया। 1939 - विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने परमाणु हथियार अनुसंधान कार्यक्रम शुरू करने के लिए राष्ट्रपति रूजवेल्ट को पत्र लिखा। 1944 - तुर्की ने जर्मनी के साथ राजनयिक संबंध तोड़े। 1955 - सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया। 1970 - श्रीमती सी बेलियप्पा मुतम्मा भारत की पहली महिला राजदूत बनीं, जिन्हें हंगरी का राजदूत बनाया गया। 1980 - इटली में बम धमाका 85 लोगों की मौत हुई। 1984 - यूरो अदालत ने फोन टैपिंग की आलोचना की। 1985 - अमेरिका में जंबो जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिसमें 130 लोग मारे गये।

न्यूज गैलरी

एम्बुलेंस में ही महिला ने बच्चे को दिया जन्म, जज्जा-बच्चा सुरक्षित

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिला अस्पताल में डिलीवरी के लिए पहुंचे महिला को केस क्रिटिकल होने की बात कहते हुए डॉक्टरों ने सिम्स हायर सेंटर रिफर किया था, उसे 108 संजीवनी एक्सप्रेस की टीम ने रिफर गर्भवती महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने पर रास्ते में एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। महिला ने बेटी को जन्म दिया है। मां और बेटी दोनों स्वस्थ हैं।

सर्वसुविधायुक्त जिला अस्पताल में सामान्य प्रसव से लेकर सिजेरियन प्रसव की भी सुविधा है। किन्तु अधिकांशतःप्रसव संबंधी केस आने पर क्रिटिकल केस बताकर रिफर कर दिया जाता है। गत दिवस ग्राम बघराईटोला निवासी गर्भवती महिला खुशबू उम्र 24 वर्ष पति अवतार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने जिला अस्पताल मुंगेली में भर्ती कराया था, किन्तु केस क्रिटिकल होने पर डॉक्टरों ने उन्हें सिम्स हायर सेंटर रिफर किया था। इसकी सूचना 108 को दी। सूचना मिलते ही पायलट उमाशंकर साहू और ईएमटी मोहन साहू बिना देर किए खुशबू को एम्बुलेंस में शिफ्ट कर सिम्स के लिए रवाना हुए। एम्बुलेंस ग्राम गीधा तक की दूरी तय कर पाई थी कि गर्भवती महिला को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। ईएमटी मोहन साहू ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए सर्वप्रथम ईआरसीपी के माध्यम से डॉ. लिपिका चंद्राकर को वस्तु स्थिति से अवगत कराया और परिजनों की सहमति उपरांत एम्बुलेंस को सड़क किनारे सुरक्षित खड़ी कर प्रसव प्रक्रिया प्रारंभ किया। इस दौरान पायलट उमाशंकर साहू भी ईएमटी की मदद करते रहें। महिला ने स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। बच्ची की किलकारी गूंजते ही सभी ने राहत की सांस ली और उनकी आंखों में खुशी के आंसू आने लगे। इसके पश्चात मां-बेटी को वापस जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुरक्षित प्रसव के लिए परिजनों ने 108 टीम को धन्यवाद दिया।

नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ अमरकंटक से नर्मदा किनारे तक करेगा वृक्षारोपण

मुंगेली (नवप्रदेश)। अखिल भारतीय नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ ने मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से लेकर रत्नाकर संगम तक नर्मदा के किनारे और सारे देश में वृक्षारोपण करने का प्लान बनाया है।

अखिल भारतीय नर्मदा परिक्रमा सेवा संघ के पदाधिकारियों ने 28 जुलाई को जिला मुख्यालय से महज 23 किलोमीटर दूर स्थित अद्वितीय, पुरातात्विक ऐतिहासिक एवं प्राचीन मंदिर सेतगंगा के समीप स्वस्फूर्त मां नर्मदा कुंड प्रांगण में फलदार व छाया दार वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर वसुंधरा को हरा भरा करने के आशय की जानकारी देते हुए बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है।

बरतोरी में लगेगा हाई मास्ट सोलर लाइट

बिल्हा /नवप्रदेश। बिल्हा विधायक नेता प्रतिपक्ष धरम लाल

कौशिक के प्रयास 4 लाख की राशि से ग्राम पंचायत बरतोरी बाजार चौक में हाई मास्ट सोलर लाइट लगाने भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर अशोक कौशिक पूर्व जिला पंचायत सदस्य, डॉ. रामकुमार कौशिक भाजपा महामंत्री, डॉ. लक्ष्मण यादव सभापति, प्रतिनिधि जनपद पंचायत बिल्हा, प्रेरणा यादव सरपंच, नरेश जायसवाल मीडिया प्रभारी भाजयुमो बिल्हा मंडल, गणेश कौशिक, दिनेश कोशले, मनहरण नेताम, कार्तिक जायसवाल, बंटी जायसवाल, सूरज यादव, मनीष कौशिक, गज्जू यादव सभी नागरिकगण व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

मवेशी और सब्जी विक्रेताओं के कारण बिगड़ रही है शहर की यातायात व्यवस्था

सूरजपुर । नगर के प्रमुख मार्गो एवं चौक-चौराहों में विचरण करती आवारा मवेशियों, बेतरतीब आटो की आवाजाही तथा सड़क किनारे लगने वाले फल व सब्जी व्यवसायियों के कारण बिगड़ती यातायात व्यवस्था को लेकर एसपी रामकृष्ण साहू ने नगर पालिका अध्यक्ष के.के. अग्रवाल के नेतृत्व में नपा के समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक ली। जनप्रतिनिधियों के सुझाव पर यातायात को व्यवस्थित करने हेतु सार्थक पहल करने का निर्णय लिया गया। नगरपालिका प्रेसीडेन्ट कक्ष में आयोजित बैठक में अध्यक्ष के.के. अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका को निकाय क्षेत्र में कानूनी व्यवस्था बनाये रखने की पूरी चिन्ता है और पुलिस, प्रषासन एवं नगरीय जनप्रतिनिधि आपस में समन्वय बनाकर बेहतर से बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं। उन्होनें सड़कों पर स्वछन्द विचरण कर रहे आवारा मवेषियों के कारण बिगड़ रही यातायात व्यवस्था और हो रही दुर्घटनाओं के लिए पूरी तरह से मवेषी मालिकों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि मवेषियों को गौषाला भेजने और मवेषी मालिकों की पहचान कर उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने की आवष्यकता है।

नगरीय जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि नगरीय जनप्रतिनिधि और पुलिस प्रषासन एक सिक्का पर दो पहलू हैं। मिलकर सारी व्यवस्थाओं को सुदृण करने की जरूरत है। जिन स्थानों पर सब्जी व फल विक्रेताओं के कारण यातायात बाधित होता है उन स्थानों को नो-वेण्डर जोन और जिन स्थानों पर ऑटो चालकों द्वारा बेतरतीब ऑटो खड़ी की जाती है। उन स्थानों को नो-पार्किंग जोन घोषित करते हुए सूचना बोर्ड लगाने की जरूरत है। बाजार परिसर में सभी सब्जी विक्रेताओं को भेजने और टैक्सी व ऑटो के लिए स्थल निधारण करने की दिषा में पहल करनी होगी। उन्होंने शहर को सुन्दर और सुगम बनाने के लिए समस्त जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की।

निधन

मुंगेली (नवप्रदेश)। जिला शिक्षा अधिकारी सतीश पाण्डेय की धर्मपत्नी संध्या पाण्डेय उम्र 52 वर्ष का 28 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पति सतीश कुमार पाण्डेय एवं पुत्र-पुत्री सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार 29 जुलाई शुक्रवार को कायाघट मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी सहित जिले के शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्रामसभा की विशेष बैठक में पारित कराना होगा प्रस्ताव

आदिवासियों के लिए राहत भरी खबर, बिना मिसल बनेगा जाति प्रमाण पत्र

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। दूरस्थ वनांचलों में रहने वाले वनवासियों के अलावा मैदानी इलाके में रहने में आदिवासियों के लिए यह राहत भरी खबर हो सकती है। ऐसे आदिवासी परिवार जिनके पास मिसल नहीं है और बच्चों से लेकर युवाओं को जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है तो अब चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। राज्य सरकार ने एक निर्देश जारी कर विशेष ग्रामसभा की अनुमति से जाति प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था कर दी है।

ऐसे परिवार के युवाओं और स्कूली व महाविालयीन छात्र-छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए विशेष ग्रामसभा की बैठक आयोजित की जाएगी। विशेष ग्रामसभा के लिए एकमात्र एजेंडा रहेगा। मिसल के अभाव में जाति प्रमाण पत्र जारी करने की अनुशंसा। ग्रामसभा की बैठक में उपस्थित ग्रामीणों व पंचों के बीच ग्राम पंचायत के सचिव एजेंडा को पढ़कर सुनाएंगे। मिसल के अभाव में जिन लोगों को जाति प्रमाण पत्र जारी करना है उनकी सूची भी पढ़ी जाएगी। इसके बाद रायशुमारी ली जाएगी। ग्रामसभा की बैठक में अनुमोदन कराया जाएगा। अनुमोदन की कापी जनपद पंचायत को सौंपी जाएगी।

जनपद पंचायत के माध्यम से प्रकरण तहसीलदार के कोर्ट में रखा जाएगा। विशेष ग्रामसभा के अनुमोदन के आधार पर तहसीलदार द्वारा सूची में शामिल लोगों को जाति प्रमाण पत्र जारी करेंगे। राज्य सरकार का मानना है कि ग्रामसभा में बैठक में गांव के सभी ग्रामीणों की उपस्थिति रहती है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोगों के नाम के अलावा जाति के संबंध में जानकारी रखते हैं। लिहाजा ग्रामसभा से बड़ी और कोई पंचायत नहीं हो सकती जहां लोगों के जाति पर मुहर लगाई जा सके। मालूम हो कि बिलासपुर संभाग के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,कोरबा व रायगढ़ जिले में निवासरत आदिवासियों के बीच मिसल को लेकर दिक्कतें आ रही है। मिसल ना होने के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। राज्य सरकार की इस व्यवस्था के बाद अब इनको राहत मिलेगी।

जनजाति वर्ग को आ रही दिक्कत

दूरस्थ वनांचल में रहने वाले वनवासियों के अलावा आदिवासियों को जाति प्रमाण पत्र बनाने में तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जाति प्रमाण पत्र में मिसल जमा करने की अनिवार्यता के कारण अनुसूचित जनजाति वर्ग के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। बुजुर्गो के पास मिसल ही नहीं है। मिसल ना होने के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। इससे केंद्र व राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

केस-वन

गौरेला पेंड्रा मरवाही के पाव समाज के दयाराम पाव ने दस्तावेजों में मात्रात्मक त्रुटि के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने की जानकारी दी है। सेमरा की गजमती भानू ने मिसल ना होने के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने की शिकायत कमिश्नर डा संजय अलंग से की है। मिसल के अभाव में सैकड़ों आदिवासी बच्चों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। कोरबा जिले के बिरहोर समाज के पहाड़ी कोरवा रामसिंह ने बताया कि समाज के अधिकांश लोगों के पास जाति,निवास प्रमाण पत्र नहीं है।

बिलासपुर मौसम : पांच दिनों से वर्षा पर ब्रेक, बढ़ने लगी गर्मी

■ अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। पांच दिनों से बारिश पर ब्रेक लगा है। जिसके कारण धरती पर उमस के साथ गर्मी बढ़ने लगी है। एक दिन पहले का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। वातावरण में उमस बढ़ने से आमजन की समस्या भी बढ़ गई। सभी को वर्षो का इंतजार हो रहा है। बिलासपुर में मौसम का रुख बदला हुआ है। सावन में वर्षा के बजाय गर्मी पड़ रही है। मौसम की इस बदले व्यवहार से लोगों की समस्याएं बढ़ है बल्कि सेहत पर भी इसका विपरीत असर पड़ रहा है। मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डॉ एचपी चंद्रा के मुताबिकमानसून तरीका द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर फि रोजेपुर रोहतक और उसके बाद पूर्व की ओर हिमालय के तराई तक स्थित है। एक द्रोणिका दक्षिण छग से कोमरॉन तक 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है ।

प्रदेश में दो अगस्त को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के करीब पंहुच चुका है। बता दें कि 14 जुलाई से सावन आरंभ होने के बाद से लगातार दो सप्ताह तक वर्षा होने के बाद तीसरे सप्ताह में ब्रेक लगा है। मौसम विभाग की मानें तो यह स्थिति अभी आने वाले दिनों में भी बनी रहेगी। हालांकि मानसून द्रोणिका अभी सक्रिय है जिसके कारण कभी भी अचानक वर्षा हो सकती है।

दूसरी और उमस बढ़ने से मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ गया है। अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की रोजाना भीड़ लग रही है। जिसमें उल्टी, दस्त और बुखार जैसी समस्याएं आम है। मौसम विभाग की मानें तो मानसून द्रोणिका के सक्रिय होने के कारण बिलासपुर संभाग के एक दो हिस्सों में अचानक वर्षा हो सकती है। वही वर्षा के थमने के बाद किसान अपने खेतों की ओर लगातार निगरानी कर रहे हैं। जुलाई में पर्याप्त बारिश होने के कारण अभी खेती के लिए पर्याप्त पानी है।

कोनी क्षेत्र में महिला की मिली लाश, पहचान करने जुटी पुलिस

■ उधारी में सामान देने से मना करने पर दुकान संचालक की पिटाई

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। कोनी क्षेत्र में बिरकोना के पास अज्ञात महिला की लाश मिली है। शव दो से चार दिन पुराना होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पुलिस कपड़ों के आधार पर शव के पहचान में जुटी है। इसके लिए आसपास के थानों को भी सूचना दी गई है। रविवार की सुबह अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय कोनी के पास कुछ लोगों ने महिला की लाश देखी। इसके बाद कोनी के देसाई मंदिर के पास रहने वाले प्रकाश मानिकपुरी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। इस बीच पुलिस ने फोरेंसिक विशेषज्ञ को भी मौके पर बुला लिया। फोरेंसिक विशेषज्ञ ने शव दो से चार दिन पुराना बताया है। मौसम के कारण चमड़ियां गलने लगी थी। पुलिस ने इसकी जानकारी आसपास के थानों को दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुराना बस स्टैंड में चाय नाश्ते की दुकान चलाने वाले ने युवकों को उधार में सामान देने से मना कर दिया। इस पर युवकों ने दुकान में घुसकर युवक की पिटाई कर दी। मारपीट से घायल ने इसकी शिकायत तारबाहर थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। तिफरा के बाबजी नगर में रहने वाले देविंदर सिंह महे पुराना बस स्टैंड के अंदर चाय नाश्ते की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार की शाम दुकान में उनका बेटा सूरज था।

जल उपयोगिता समिति की बैठक 4 को

बिलासपुर (नव प्रदेश)। संभाग स्तरीय जल उपयोगिता समिति की बैठक संभागायुक्त बिलासपुर की अध्यक्षता में 4 अगस्त को सुबह 11.30 बजे से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएगी। आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधि गण, संभाग के सभी कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में संभाग के बड़े जलाशयों में जल भराव की स्थिति, खाद, बीज एवं कीटनाशक की उपलब्धता की समीक्षा की जाएगी।

फसल बीमा संबंधी शिकायतों के लिए पोर्टल प्रारंभ

बिलासपुर (नव प्रदेश)। जिले के किसानों के फसल बीमा से संबंधित शिकायतों का निवारण अब आसान हो गया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए पोर्टल शुरू किया गया है।

आजादी का अमृत महोत्सव - लोगों में देश प्रेम की भावना जगाने भाजपाई चलाएंगे अभियान

11 से 15 अगस्त तक हर घर में फरहाएंगे तिरंगा

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर घर-घर तिरंगा फहराने की केंद्र सरकार की योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए भाजपा भी आगे आ गई है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी अभियान से लोगों को जोड़ने के लिए प्रदेश भाजपा ने अपने स्तर पर अभियान चलाने का निर्णय लिया है। जिला से लेकर मंडल पदाधिकारी इसे लेकर अभियान चलाएंगे। अभियान के दौरान लोगों को इस बात की भी जानकारी देंगे कि तिरंगा झंडा किन-किन संस्थानों से आपूर्ति की जा रही है। आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर देशव्यापी अभियान बनने लगा है। टीवी से लेकर इंटरनेट मीडिया में डिजिटल तिरंगा जोर शोर से लहरा रहा है। लोगों में देश प्रेम की भावना जगाने और घरों में तिरंगा फहराने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने एक निर्देश जारी कर शासकीय अधिकारी व कर्मचारियों को अपने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर डिजिटल तिरंगा लगाने के अलावा सरकारी वेबसाइट पर डिजिटल तिरंगा लगाने का निर्देश जारी कर दिया है। केंद्र के निर्देश का प्रभावी ढंग से अमल भी हो रहा है। शासकीय अमले की सक्रियता के साथ ही अब भाजपा ने भी इस दिशा में अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

प्रदेश भाजपा ने प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों को पत्र लिखकर लोगों के बीच जनजागरण अभियान चलाने और घरों में तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया है।

घरेलू गैस की बढ़ती कीमतों ने 20 फीसदी तक घटाई डिमांड

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली/नवप्रदेश (नव प्रदेश)। रसोई गैस की रिफ लिंग में माहभर के भीतर काफ ी गिरावट आई है। ग्रामीण इलाकों में 20 फीसदी तक गैस सिलेंडरों की डिमांड घटी है। रिफलिंग में कमी के चलते गैस कंपनियों एवं डीलरों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। गौरतलब है कि घरेलू एलपीजी सिलेण्डर की कीमतों में लगातार हो रहे इजाफा ने आम आदमी के घरों का बजट बिगाड़ दिया है। आलम यह है कि एलपीजी गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ने के कारण उपभोक्ताओं ने रिफ लिंग कराना बंद कर दिया है। स्कूलों में संचालित मध्याह्न भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराया गया था जिसकी रिफलिंग नहीं हो पा रही है। वर्तमान में उज्जवला योजना से लाभान्वित पचास फीसदी लोग ही गैस रिफ लिंग करा रहे हैं। इसके पीछे वजह यह है कि सिलेण्डर रिफ लिंग कराने के लिए लोगों को अधिक राशि का व्यवस्था करना पड़ रहा है। ग्रामीण उपभोक्ता गोपाल साहू, रामजी, चमेली बाई आदि का कहना है कि भले ही सरकार ने गरीबों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेण्डर उपलब्ध करा दिए हैं। मगर रसोई गैस महंगी होने के कारण अब वे फिर से चूल्हे और कोयला से खाना बनाने लगे है। चूंकि गांवों में लकड़ी आसानी से मिल जाती है और गैस की तुलना में लकड़ी सस्ता भी है। 250-300 रुपए की लकड़ी में पूरे महीने भर का खर्चा निकल जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि रेट बढ़ने के साथ सब्सिडी भी नहीं मिल रही है। जिसके कारण उन्हें नुकसान हो रहा है। सारा पैसा सिलेण्डर भरवाने में चला जाता है। अधिक खर्च करने पड़ रहे हैं। अभी हाल ही में घरेलू रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है।

मतदाता परिचय पत्र को आधार से जोड़ने की कार्यवाही शुरू

दन्तेवाड़ा। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनीत नंदनवार द्वारा 01 अगस्त 2022 से मतदाताओं से आधार डेटा संग्रह कर, मतदाता सूची के डेटा में जोड़ने एवं प्रमाणीकरण के लिये अधिनियम/नियमों एवं प्रपत्रों में संशोधन एवं मतदाताओं का नाम 04 अर्हता तिथियों में मतदाता सूची में जोड़ने, मतदाता फोटो पहचान पत्र (एपिक कार्ड) को नये सुरक्षा मानकों के साथ जारी करने तथा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2023 हेतु विस्तृत कार्यक्रम के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक कर जानकारी दी गयी।

बोलने के लिए बुद्धि और चुप रहने के लिए विवेक की आवश्यकताः त्रिवेदी

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी व केके शर्मा के विशेष मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश स्तरीय मीडिया कार्यशाला 30 जुलाई को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर प्रदेश भाजपा कार्यालय रायपुर में सम्पन्न हुआ। डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने मीडिया प्रभारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में हमें पार्टी लाइन में विचारों का लेखन व अन्य माध्यमों में सम्प्रेषण करना चाहिए। निरर्थक बातों का जवाब देना आवश्यक नहीं होता, क्योंकि बोलने के लिए बुद्धि और चुप रहने के लिए विवेक की आवश्यकता होती है। केके शर्मा ने कहा कि मीडिया छवि निर्माण करने का उपकरण है। इसका उपयोग सावधानी पूर्वक करना चाहिए। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी नलिनेश ठोकने ने सभी मीडिया प्रभारियों से वन टू वन चर्चा की। संचालन भाजयुमो प्रदेश मीडिया प्रभारी उमेश घोरमोड़े ने किया। प्रदेश मीडिया कार्यशाला में भाजपा प्रदेश मंत्री विजय शर्मा, मीडिया विभाग के मुकेश शर्मा, अमित चिमनानी, अनुराग अग्रवाल, राम त्रिपाठी सहित प्रदेशभर से सभी जिलों से आए मीडिया विभाग के साथीगण मौजूद रहे। जिसमें मुंगेली से जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सुनील पाठक, प्रमोद धुरी, किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी डॉ. रामकुमार साहू, डॉ. रोहित साहू, भोलू खाण्डे शामिल रहे।

पार्टी के लिए जुटाएंगे फंड, घर-घर चलाएंगे अभियान, निधि एकत्रीकरण के बहाने लोगों से करेंगे संपर्क

आम आदमी पार्टी का छत्तीसगढ़ में महत्वाकांक्षी अभियान की शुरूआत

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए आम आदमी पार्टी ने अपनी राजनीतिक तैयारी तेज कर दी है। आज से छत्तीसगढ़ में पार्टी के लिए फंड जुटाने अभियान की शुर्आत हो गई है। प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा जिला स्तर के पदाधिकारी इस अभियान में नजर आएंगे। अभियान के दौरान पदाधिकारी घर-घर जाएंगे। फंड इकठ्ठा करेंगे और लोगों को आम आदमी पार्टी की विचारधारा से अवगत कराएंगे। इस दौरान दिल्ली में चल ही आप की सरकार के कामकाज को बतौर रोल माडल लोगों के सामने रखेंगे।

फंड एकत्रिकरण अभियान की खास बात ये कि लोगों के बीच पहुंचेंगे और स्वेच्छा के अनुसार देने वाली निधि को सहर्ष स्वीकार करेंगे। आप के रणनीतिकारों का उद्देश्य साफहै। इसी बहाने लोगों से सीधे संपर्क करेंगे। अपनी योजनाएं बताएंगे और अपनी विचारधारा से जुड़ने का आग्रह भी करेंगे। रविवार को प्रदेश चुनाव प्रभारी व दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय व प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की वर्चुअल मीटिंग ली थी। इस दौरान फंड इकठ्ठा करने अभियान चलाने और अभियान के उद्देश्य को लेकर खुलकर चर्चा की। मीटिंग के दौरान दिग्गज नेताओं ने साफकहा कि अभियान के दौरान हर एक व्यक्ति से संपर्क करना है।

स्वेच्छा से दी जाने वाली निधि को खुलेमन से स्वीकार करना है। उनको धन्यवाद देने के साथ ही अभियान के उद्देश्य को लेकर बात भी करनी है। वर्चुअल मीटिंग के दौरान प्रदेश प्रभारी संजीव झा ने पदाधिकारियों से कहा कि बीते दो महीने से छत्तीसगढ़ के सभी 90 विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव-गांव और शहरों में संवाद कार्यक्रम चलाया गया है। इसके लिए आब्जर्वर की नियुक्ति की गई थी। आब्जर्वरों द्वारा चलाए गए इस अभियान के दौरान एक लाख पांच हजार से अधिक लोगों ने आप के साथ जुड़कर भरोसा जताया है। यह अच्छा संकेत माना जा सकता है।

दिल्ली और पंजाब माडल को रखेंगे सामने

दिल्ली सरकार के मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी गोपाल राय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता भाजपा और कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार से तंग आ गई है। भ्रष्टाचार स्पर्धी विकास के माडल से छत्तीसगढ़वासियों का गुस्सा फूटने लगा है।

मतदाता सूची में प्रविष्टियों का किया जा रहा प्रमाणीकरण

दन्तेवाड़ा। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी. छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार मतदाता सूची में प्रविष्टियों को प्रमाणित करने और त्रुटि रहित बनाने के लिए पंजीकृत शत-प्रतिशत मतदाताओं से संपर्क कर आधार संख्या एकत्रित कर अपडेट किया जाना है। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाताओं की पहचान स्थापित करना और एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकरण की पहचान करना है ताकि भविष्य में मतदाताओं को बेहतर चुनावी सेवायें उपलब्ध कराई जा सके। 01 अगस्त 2022 से आधार एकत्रीकरण का कार्य का शुभारंभ किया जा रहा है।

ई-जनचौपाल के माध्यम से कलेक्टर ने जन समस्याओं का किया निराकरण

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में शुरू की गई ई-जनचौपाल से लोगों की राह आसान हुई है। आम जनता को अपनी समस्या, शिकायत संबंधी आवेदन जिला प्रषासन तक पहुंचाने के लिए अब उन्हें जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता नहीं रह गई है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा प्रत्येक सोमवार को प्रातः 11 बजे से ई-जनचौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या सुनी जा रही है, जिसका अच्छा प्रतिफल मिलने लगा है। ग्रामीण अपने क्षेत्र के जनपद कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करते हैं, जिसे स्कैन कर तत्काल जिला कार्यालय को प्रस्तुत किया जाता है, साथ ही आवेदक वीसी के जरिये कलेक्टर से बात कर अपनी समस्या से अवगत कराते हैं, जिनका फौरन निराकरण भी हो रहा है। कलेक्टर कार्यालय में सोमवार को

आयोजित ई-जनचौपाल में 85 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्देशित किया गया है। ई-जनचौपाल में अंतागढ़ विकासखण्ड के 13 आवेदन, भानुप्रतापपुर से 08, चारामा विकासखण्ड से 13, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से 08, पखांजूर से 02 और नरहरपुर विकासखण्ड से 05 आवेदकों ने जनपद पंचायत स्थित वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये कलेक्टर को अपनी समस्या बताई। इसके अलावा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर 36 आवेदकों द्वारा ई-जनचौपाल में कलेक्टर से प्रत्यक्ष भेंट कर अपनी समस्या से अवगत कराया गया, जिनका त्वरित निराकरण करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।

तत्काल दिया आधार कार्ड की प्रतिलिपि

ग्राम चिल्हाटी तहसील भानुप्रतापपुर निवासी कुमारी भानुप्रिया ने ई-जनचौपाल में कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या बताते हुए कहा कि अपनी मॉ के देहांत होने के बाद वह अपने नाना-नानी के साथ धमतरी में रह रही थी, लेकिन अब अपने पिता के साथ ग्राम चिल्हाटी तहसील भानुप्रतापपुर में रह रही है तथा आगे पढ़ाई करना चाहती है, लेकिन अंकसूची एवं आधार कार्ड को उनके नाना-नानी द्वारा नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर ने उनकी समस्या को सुनकर डीईओ को निर्देशित करते हुए भानुप्रिया को उनकी पात्रता के अनुसार स्कूल में दाखिला दिलाने तथा ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को भानुप्रिया का आधार कार्ड की प्रतिलिपि दिलवाने के लिए निर्देशित किया गया, जिस पर उनके द्वारा तत्काल अमल किया जाकर भानुप्रिया के आधार कार्ड की प्रतिलिपि निकलवाकर उसे उपलब्ध करा दिया गया। आधार कार्ड मिलने पर खुश होते हुए भानुप्रिया ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

समाजसेवी जन सहयोग संस्था ने मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति का इलाज करा कर भेजा घर

कांकेर/नवप्रदेश। नगर की जन सहयोग समाजसेवी संगठन प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी व उनकी टीम अपने समाजसेवा लिए कांकेर ही नहीं बल्कि जिला शहर प्रदेश स्तर पर अपने अलौकिक कार्यों के लिए जाना पहचाना नाम है। एक अगस्त दिन सोमवार की सुबह एक मानसिक विक्षिप्त पर समाजसेवा के दौरान नजर पड़ी। समाजसेवी प्रमुख अजय पप्पू मोटवानी ने मानशिक विक्षिप्त की सुध लेते जानकारी जुटाई जिसके बाद उक्त मानसिक विक्षिप्त अपना नाम प्रेम राज तादुलकर बताया और स्वयं को भानुप्रतापपुर का निवासी बताया। इतनी जानकारी मिलते ही समाजसेवी संगठन प्रमुख के नेतृत्व में उस मानसिक विक्षिप्त को सबसे पहले सेलून लेजाकर उसकी हजामत बनवाई गई उसके बाद उस व्यक्ति को करीब पांच महीने से भी अधिक समय से स्नान तक नहीं किया था उसके शरीर से बदबू आ रही थी। फिर भी स्वयं समाजसेवी प्रमुख और उनकी टीम के सदस्यो ने उसे स्नान कराकर उसका इलाज कराया गया। सारी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उस व्यक्ति को कोइ भी पहचान नही पाया। दरअसल, जिसे लोग मानसिक विक्षिप्त समझ रहे थे। हालत ठीक होने पर अपने पैतृक निवास का पता बताकर जाने की इच्छा जताई जिस पर समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी ने उसे पैसे देकर खाने पीने के समान के साथ भानुप्रतापपूर रवाना किया गया। इस अलौकिक कार्यों को देख हर कोइ जनसहयोग समाजसेवी संगठन प्रमुख सहित तमाम पदाधिकारियों की जमकर तारीफ करते मानव सेवा ही माधव सेवा जैसे शब्दों से गुणगान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते रहे। उक्त समाजसेवा के कार्य में अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के अलावा समाजसेवी राजेश चौहान, धर्मेंद्र देव, बीआर यादव, संजय मंशानी, करण नेताम, संत कुमार रजक, दिनेश मोटवानी, प्रमोद सिंह ठाकुर, शैलेंद्र देहारी, पिंटू महाराज, रोहित यादव, दिव्यांग भूपेंद्र यादव आदि प्रमुख थे।

न्यूज गैलरी

विधायक ने चार ग्राम पंचायतों को पानी टैंकरों का किया वितरण

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी ने सोमवार को भैरमगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मंगलनार, केशकुटुल, हल्लुर और ग्राम पंचायत बैल को सार्वजानिक कार्यो हेतु पानी टैंकर वितरण किया। पानी टैंकरों से ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले कार्यक्रमों में पीने के शुद्ध पानी की उपलब्धता आसानी से होगी। इन ग्राम पंचायत के ग्रामीण लम्बे समय से पानी टैंकरों की मांग कर रहे थे। इस दौरान जनपद पंचायत भैरमगढ़ अध्यक्ष दशरथ कुंजाम, जिला पंचायत सदस्य संतकुमारी मंडावी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सहदेव नेगी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष लछुराम मोर्य, नगर पंचायत अध्यक्ष सुकमती मांझी, ग्राम पंचायत बैल के सरपंच मोटू वेट्टी, ग्राम पंचायत मंगलनार के सरपंच बन्डरी लेकाम, ग्राम पंचायत केशकुतूल के सरपंच पन्डरु मोडियामी, ग्राम पंचायत हल्लुर के सरपंच चयतु राम, विधायक प्रतिनिधि सुखदेव नाग कांग्रेस आईटी सेल के जिला अध्यक्ष मोहित चौहान, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विनय कुमार बने किरंदुल एनएमडीसी परियोजना के नए मुख्य महाप्रबंधक

किरंदुल/नवप्रदेश। नवरत्न कंपनी एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक आर. गोविंदराजन की सेवानिवृत्ति पश्चात मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार ने किरंदुल परियोजना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। उनके मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) के कार्यकाल के दौरान परियोजना ने लौह अयस्क के मासिक लक्ष्यों की प्राप्ति के अनेक कीर्तिमानों में उत्तरोत्तर प्रगति की है। उन्होंने किरंदुल स्थित खदानों में सुव्यवस्थित तरीके से खनन कार्यो को अंजाम दिया एवं खदानों में पर्यावरण संतुलन को भी बनाए रखा है। परियोजना के नए प्रमुख मुख्य महाप्रबंधक विनय कुमार कर्मठ, कर्तव्यपरायण एवं अपने कार्यो को सहज तथा तत्परता से निष्पादित करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने किरंदुल परियोजना में वर्ष 1992 में ईटी (ट्रेनी) से अपनी सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने वर्ष 1992 में बीटेक (माइनिंग) में आईटी बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) से किया।

आत्मानंद स्कूल में पोदला उरस्कना उत्सव मनाया

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग एवं जिले के वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन मे 28 जुलाई से 9 अगस्त तक चलाये जा रहे पोदला उरस्कना 2022 उत्सव कार्यक्रम के तहत 01अगस्त को जिले के स्वामी आत्मानन्द हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल अंतागढ़ मे विधायक अंतागढ़ अनूप नाग द्वारा फलदार/छायादार पौधा रोपित किया गया, साथ ही समस्त स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थियों एवं पुलिस बल द्वारा भी पौधा रोपित कर हरियाली बनाये रखने का सन्देश दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ खोमान सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंतागढ़ अमर सिदार एवं थाना प्रभारी अंतागढ़ रोशन कौशिक के साथ थाना कार्यालय स्टाफ मौजूद थे।

सामान्य सभा की बैठक 8 अगस्त को

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सूरजपुर की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 8 अगस्त को समय पूर्वान्ह 11 बजे से पश्चात सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत के सभा कक्ष में अध्यक्ष जिला पंचायत सूरजपुर की अध्यक्षता में आहूत की गई है। बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने कहां गया है।

पटवारी व सचिव को सभी किसानों का केसीसी बनाने के निर्देश

- **जल, जमीन, जंगल की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी आप सभी गांव वालों की है : कमिश्नर**

सूरजपुर/नवप्रदेश। सरगुजा कमिश्नर जीआर चुरेंद्र ने रामानुजनगर ब्लॉक के ग्राम राजापारा में ग्रामीण जनों के बिजली, पानी, राशन, शिक्षा स्वास्थ्य सहित विभिन्न समस्याओं से रूबरू होने राजापारा में जन चौपाल आयोजित कर समस्याएं एवं मांगों को सुनी। उन्होंने स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पानी की समुचित व्यवस्था के लिए खराब हैंडपंपों को मरम्मत कर समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए उन्होंने गांव के सभी किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए उन्होंने पटवारी, सचिव एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को मिलकर सभी किसानों का केसीसी बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने चिकित्सा विभाग के समस्याओं को सुनी तथा ग्रामीण जनों की मांग पर चिकित्सा अमला को निर्धारित मुख्यालय में ही रहने के निर्देश दिए जिससे आपातकालीन समय में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने शिक्षा विभाग के स्कूलों में शिक्षकों की कमी के लिए बीईओ एवं बीआरसी को जिला शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर समस्याओं का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने शासन की मंशा अनुसार सभी किसान भाइयों को धान के बदले अन्य फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने किसानों को धान बीज, खाद समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा किसानों से पूछ कर बीच की मांग की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड के लिए सभी पटवारी, सचिव और किसी विभाग को मिलकर किसानों का केसीसी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपजाऊ भूमि का चिन्हांकन कर अदरक, हल्दी, फलदार वृक्ष, गन्ना, मक्का औषधि के पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने नदी नाले के किनारे हो रहे अतिक्रमण को रोकने राजस्व अमला को निर्देशित किया। उन्होंने सभी ग्राम वासियों को कहा की पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जल जमीन जंगल को सुरक्षा करने के लिए स्वयं को जागरूक होकर जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा जिस से आने वाला पीढ़ी भी हमारे द्वारा सुरक्षित किए हुए जल जमीन जंगल को देख सकें।

खून से लथपथ हालत में मिले पूर्व सैनिक, इलाज के दौरान मौत

परिजनों का आरोप- लूट के बाद उनकी हत्या की गई

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा में पूर्व सैनिक की मौत हो गई है। वह खून से लथपथ हालत में मिले थे। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मगर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। इस मामले में उनके परिजनों का कहना है कि उनकी हत्या की गई है। इसके अलावा उनसे लूटपाट भी की गई है। परिजनों ने पुलिस से भी मामले की शिकायत की है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोरबा के रहने वाले सूरज गुप्ता सेना से रिटायर हो चुके थे। पिछले कुछ समय से वह भैसमा के पावर ग्रिड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहे थे। 26 जुलाई को भी वह काम करने के लिए गए थे। वापस लौटने के बाद कुछ देर बाद ये जानकारी मिली कि वह कुरुडीह गांव के पास खून से लथपथ हालत में घायल पड़े हुए हैं। इसके बाद उनके परिजनों को इस बात की सूचना दी गई थी। खबर मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। बाद में उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां 30 मई को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी मौत के परिजनों ने अब पुलिस से शिकायत की है। परिजनों के साथ पूर्व सैनिक भी शिकायत करने पहुंचे थे। उन्होंने शिकायत में कहा है कि सूरज गुप्ता के साथ लूटपाट की गई है। फिर उन्हें मारकर फेंक गया है। परिजनों ने बताया कि डेढ़ साल पहले भी उनके साथ इसी इलाके में लूटपाट की गई थी। इस बार उनके जेब से पर्स, हेलमेट और उनकी बाइक गायब है, जो अब तक नहीं मिला है। इसलिए हमें लग रहा है कि उनकी हत्या की गई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

जंगल में मिली हाथी की सड़ी-गली लाश, छाल वन परिक्षेत्र का मामला

- **करीब तीन से चार दिन शव पुराना होने की कही जा रही बात**

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रायगढ़ जिले के वनांचल क्षेत्रों में एक लंबे अर्से से जंगली हाथियों का आतंक है। लगातार बढ़ते जंगली हाथियों की वजह से इंसान और मानव के बीच द्वंद्व में कभी इंसान तो कभी जंगली हाथियों की मौतों की खबरें अक्सर अखबारों की सुर्खियां बनती रही है। इसी क्रम में आज एक बार फिर छाल वन परिक्षेत्र में एक व्यस्क हाथी की चार दिन पुरानी सड़ी गली लाश मिली है। जानकारी के अनुसार छाल वन परिक्षेत्र के हाटी सर्किल के कंपार्टमेंट 554 सिंधी गड़ाई में आज एक नर दंतैल की चार दिन पुरानी सड़ी गली लाश मिली है। नर दंतैल की मौत की सूचना मिलते ही धरमजयगढ़ वन मंडल के अधिकारी अभिषेक जोगावत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फिर विभाग के उच्च अधिकारियों के समक्ष मृत हाथी के शव का डाक्टरों की टीम के द्वारा पोस्टमार्टम उपरांत अंतिम संस्कार किया गया। हाथी की मौत किस वजह से हुई इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल सकी है।

बारह महीने हाथियों की मौजूदगी

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ और छाल वन परिक्षेत्र में साल के बारह महीनों जंगली हाथियों की मौजूदगी रहती है। इन जंगली हाथियों के द्वारा आए दिन जंगलों से निकलकर रिहायशी इलाकों में प्रवेश कर ग्रामीणों के घरों व फसलों को लगातार नुकसान पहुंचाया जाता है। बीते कुछ महीनों की अगर ह्यहम बात करें तो घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में ही जंगली हाथियों के हमले से अब तक दो की मौत हो चुकी है और यहां भी एक हाथी शावक की लाश मिल चुकी है।

ग्रामीण रतजगा करने पर मजबूर

रायगढ़ जिले में लगातार बढ़ते जंगली हाथियों के आतंक से वन विभाग के द्वारा न तो ग्रामीणों को राहत दिलाई जा रही है और न ही हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को उचित संसाधन उपलब्ध कराये जाते हैं। आलम यह है कि कुछ गांव के ग्रामीण अब स्वयं ही आत्मनिर्भर होकर अपने व अपने फसलों की रक्षा हेतु रतजगा करने के लिये लगे हैं। कुछ हाथी प्रभावित गांव ऐसे हैं जहां शाम ढलते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसर जाता है। इतना ही नही कई बार तो इन जंगली हाथियों के आतंक से बचने के लिये करंट प्रवाहित तार भी खेतों के किनारे लगा देते हैं जिससे जंगली हाथियों की मौत हो जाती है।

जिले में सामान्य से कम बारिश हुई, अगस्त महीने में ही सूख गई कन्हर नदी

रामानुजगंज/नवप्रदेश। अगस्त महीने में कन्हर नदी की स्थिति देखकर नगर वासियों की चिंताएं बढ़ गई हैं जिस प्रकार से नगर की 25 हजार की आबादी कन्हर नदी के नियमित पेयजल आपूर्ति पर निर्भर है उसे देखते हुए जिस प्रकार से नदी अभी पतली धार में चल रही है उसे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में नगर में किस प्रकार से भीषण जल संकट उत्पन्न हो सकता है। पूरे जुलाई माह में कन्हर नदी की ऐसी स्थिति रहती थी कि कन्हर नदी के दोनों किनारे लबालब भरे रहते थे एवं इस बीच कई बार बाढ़ की भी स्थिति निर्मित होती थी परंतु इस बार अभी तक एक बार भी नदी का दोनों किनारा भर नहीं पाया है। जुलाई माह बीत गए अब अगस्त माह प्रारंभ हो गया परंतु जिस प्रकार से नदी की स्थिति है वह बेहद चिंताजनक है। नगर पंचायत रामानुजगंज की जल प्रदाय व्यवस्था पूर्णता कनहर नदी पर ही आश्रित है। ऐसे में आने वाले समय में किस प्रकार से भीषण जल संकट उत्पन्न हो सकता है यह समझा जा सकता है 1 दिन भी नगर पंचायत के द्वारा यदि पानी किसी कारणवश नहीं आपूर्ति नहीं की जाती है तो पूरे नगर में भारी परेशानी खड़ी हो जाती है। जब नदी में पानी ही नहीं रहेगा एवं नदी का जलस्तर भी नीचे चला जाएगा ऐसे में कैसे पानी आपूर्ति होगा यह चिंताजनक विषय है।

परिवहन सुविधा केंद्र के लिए दावा आपत्ति 8 तक

सूरजपुर/नवप्रदेश। छग शासन परिवहन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के नवा रायपुर आदेश के परिपालन में जिले में परिवहन सुविधा केन्द्र खोले जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था, जिनमें 22 आवेदकों के द्वारा परिवहन सुविधा केन्द्र खोले जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। आवेदनों की जांचोपरान्त कुल 6 आवेदकों के दस्तावेज अपूर्ण पाये जाने पर आवेदन अपात्र किया गया है। एवं 16 आवेदकों के आवेदन पत्र जांचोपरान्त दस्तावेज पूर्ण पाये गये हैं। नीरज कुमार साहू पिता मदन लाल साहू ग्राम उमापार, तहसील भैयाथान, योगेंद्र गुप्ता पिता रामेश्वर प्रसाद ग्राम गंगोटी भैयाथान, दिनेश कुमार राजवाडे पिता धनसाय राजवाड़ा भटगांव, न्यू सूयोर्य सेवा समिति सूरजपुर, सबीना फारूकी पिता संयाद अब्दुल अजीज जेल पारा सूरजपुर, हरीश कुमार पाण्डेय पिता रामकृष्ण पाण्डेय गौरी शंकर मंदिर विश्रामपुर के दस्तावेज अपूर्ण पाए जाने के कारण अपात्र किए गए हैं।

ग्राम पंचायतों में अनिवार्य व ऐच्छिक कर अधिरोपित करने आदेश जारी

सूरजपुर/नवप्रदेश। कार्यालय कलेक्टर पंचायत शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार शासन के आदेश के परिपालन में सूरजपुर जिला के समस्त ग्राम पंचायतों में छ.ग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 77 की उपधारा-1 एवं 2 तथा सहपठित छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत अनिवार्य कर वैकल्पिक कर तथा फीस (शर्त व अपवाद) नियम 1996 के नियमों व निर्धारित प्रक्रिया के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनिवार्य व वैकल्पिक कर अधिरोपित करने व अधिरोपित करो की वसूली किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश में कहा गया है कि सूरजपुर जिला के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अनिवार्य व वैकल्पिक कर अधिरोपित करने व वसुली किये जाने हेतु दिशा निर्देश प्रसारित किये जा रहे हैं, जिसका पालन ग्राम पंचायतों के सभी सरपंच व सचिव अनिवार्य रूप से किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है । जिसमें छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 77 उपधारा 01 एवं 02 के प्रावधान अनुसार, ग्राम पंचायतों को अनिवार्य कर व वैकल्पिक कर लगाये जाने की शक्तियां प्राप्त है। ग्राम पंचायतों में अनिवार्य कर छ.ग. ग्राम पंचायत अनिवार्य तथा फीस (शर्त तथा अपवाद) नियम 1996 एवं वैकल्पिक कर छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत वैकल्पिक कर तथा (शर्तें तथा अपवाद) के नियमों व प्रक्रियाओं के तहत अधिरोपित किये जाते हैं। अतः सूरजपुर जिला के सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव उक्त नियमों व प्रक्रियाओं का पालन करते हुवे वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु अपने-अपने ग्राम पंचायतों में अनिवार्य कर फीस व वैकल्पिक कर फीस अधिरोपित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। सूरजपुर जिला के ग्राम पंचायतों में अनिवार्य कर व वैकल्पिक कर अधिरोपित किये जाने हेतु समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित किया जा रहा है, निर्धारित समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायतों में करारोपण की कार्यवाही सम्बंधित ग्राम पंचायत के सरपंच व सचिव के द्वारा किया जाय। आदेश के अनुसार कर, फीस लगाए जाने हेतु ग्राम पंचायत की बैठक की सूचना जारी करने की तिथि 1 अगस्त 2022 को, अधिरोपित किए जाने करो के फीस ने ग्राम पंचायत की बैठक आयोजित के जाने की अंतिम तिथि 8 एवं 9 अगस्त को, ग्राम पंचायत पारित प्रस्ताव के अनुसार अधिरोपित किए जाने वाले करो, फीस की अनुमोदित दरों की सूचना का प्रकाशन व डोडी पिटवाकर कर आम जनता को सूचित किए जाने की अंतिम तिथि 12 अगस्त 2022 को, प्रकाशित सूचना पर दावा आपत्ति आमंत्रित किए जाने की अंतिम तिथि 25 अगस्त 2022 को, प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार करने व प्रकाशित करो, फीस की दरों को अंतिम रूप से अधिरोपित किए जाने हेतु ग्राम पंचायत की बैठक की सूचना जारी की जाने की तिथि 29 अगस्त 2022 को, प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार करते हुए पूर्व में प्रकाशित करो, फीस की दरों को अंतिम रूप से अधिरोपित, अनुमोदित किए जाने हेतु ग्राम पंचायत की बैठक आहूत किए जाने की तिथि 6 सितंबर 2022 को निर्धारित किया गया है एवं अंतिम रूप से आरोपित करो, फीस की दरों की जानकारी का प्रकाशन व डोडी पिटवाकर उद्घोषणा किए जाने की तिथि 19 सितंबर 2022 तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 में अधिरोपित कर, फीस प्रभाव सील होने की तिथि 1 अक्टूबर 2022 निर्धारित किया गया है।

मछली पालन को कृषि का दर्जा के साथ मछुआरों की बेहतरी के लिए किए जा रहे कार्य : मुख्यमंत्री

- धीवर समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ
- सीएम भूपेश धीवर समाज के महासम्मेलन में हुए शामिल

रायपुर। जब से हमारी सरकार बनी समाज के हर वर्ग के चाहे वह कृषक हो या मजदूर हो सभी वर्ग के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य किए गए है। मछुआरा वर्ग की बेहतरी के लिए अनेक कार्य किए। मछली पालन नीति बनाई। हमने मछली पालन को कृषि का दर्जा दिया है, जिससे अब मछुआरों को शून्य प्रतिशत पर ऋ ण की सुविधा मिल रही है। मत्स्य पालकों को अब कृषकों जैसी तमाम सुविधाएं मिलने लगी है। इससे प्रदेश के मछली पालक मछुवारें तेजी से आगे बढ़ेंगे, जीवन स्तर में भी सुधार आएगा और मत्स्य पालन के क्षेत्र में पूरे देश में आगे बढ़ेंगे। यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कृषि विश्वविद्यालय के सभागृह में आयोजित धीवर समाज के महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने धीवर समाज को जमीन आबंटन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात समाज के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन बनाने के लिए मदद देने की बात कही। मुख्यमंत्री ने धीवर समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ भी दिलवाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य की औसत मत्स्य उत्पादकता 4000 मेट्रिक टन प्रति हेक्टेयर हो चुकी है। प्रगतिशील मत्स्य कृषक उन्नत प्रजातियों का पालन करके प्रति हेक्टेयर 8000 से 10,000 मेट्रिक टन तक उत्पादन करने लगे हैं। छत्तीसगढ़ की प्रकृति और यहां का वातावरण मछली पालन के लिए पूरी तरह अनुकूल है। उन्होंने कहा है कि हमारे राज्य की भौगोलिक स्थिति भी ऐसी है कि यहां मत्स्य पालन व्यवसाय के लिए बहुत संभावनाएं हैं। अब प्रदेश में मछली के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। शासन द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है मछली उत्पादन में वृद्धि हो। अब गांवों के साथ-साथ बड़े-बड़े बांधों को भी मछली पालन के लिए प्रयोग किया जाने लगा है। यहां तक की घर के आंगन में भी टैंक बनाकर मछली पालन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मछली पालकों को बायो फ्लॉक तकनीकी से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए मत्स्य कृषकों को 7.50 लाख रुपए की इकाई पर 40 प्रतिशत की अनुदान सहायता दिए जाने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धीवर समाज के लिए शासन ने जो योजनाएं बनाई है, उसका पॉम्पलेट बनाकर समाज के सदस्यों के घर-घर वितरित करें और सामाजिक बैठकों में इसकी जानकारी दें।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य में मछली पालन के लिए 30,000 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई बांधों एवं जलाशयों से नहर के माध्यम से जलापूर्ति आवश्यकता पड़ती थी, इसके लिए मछली पालक किसानों को 10 हज़ार घन फीट पानी के बदले 4 रुपए का शुल्क देना पड़ता था। लेकिन अब उन्हें एक भी पैसा देने की जरूरत नहीं रह गई है। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा रही है कि गांवों के मछली पालन करने वाले तालाब स्त्रोतों पर परंपरागत धीवर समाज को प्राथमिकता हो। शासन द्वारा उनके हितों की रक्षा के लिए कार्य किया जा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा कि मत्स्य पालकों के लिए मछली पालन नीति बनाई गई है।

सरेआम शराब पीते 18 गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए सरेआम शराब पीते 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने यदुवंशी चौक हीरापुर के पास शराब पीते आरोपी अनिल राव 35 वर्ष, दिलीप साव 50 वर्ष, सुरेश राव 57 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मौदहापारा पुलिस ने आरोपी ललीत मेश्राम 32 वर्ष व अशोक निषाद 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं उरला पुलिस ने आरोपी मनोज साहू 36 वर्ष व खरोरा पुलिस ने आरोपी कन्हैया कोसले 28 वर्ष, पोषउ धीवर 25 वर्ष, मंगल दास बंजारे 50 वर्ष, गिरिश कुमार भारद्वाज 33 वर्ष, कमलेश 20 वर्ष, रामकुमार वर्मा 46 वर्ष, रोशन धीवर 27 वर्ष व ताकेश्वर वर्मा 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने ग्राम गुल्लू बस स्टेण्ड के पास शराब पीते आरोपी द्वारिका लोधी 30 वर्ष व अभनपुर पुलिस ने आरोपी राजू विश्वकर्मा 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

चाकू के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर। पुरानी बस्ती पुलिस ने भाठागांव शराब दुकान के पास चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि भाठागांव शराब दुकान के पास एक युवक चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी नितिन बेनर्जी 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गांजा खपाने पहुंचा युवक गिरफ्तार

रायपुर। खमतराई पुलिस ने भनपुरी चौक के पास साढ़े 6 किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कल रात पुलिस को सूचना मिली कि भनपुरी चौक के पास एक व्यक्ति प्लास्टिक थैला में मादक पदार्थ रखा हुआ है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी गणेश बांधे 37 वर्ष को हिरासत में लेकर प्लास्टिक थैली को चेक किए तो उसके पास से साढ़े 6 किलो गांजा मिला। जिसकी कीमत 65 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

नशीली कफसिरप के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर। टिकरापारा पुलिस ने नशीली सिरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 30 नग कफसिरप और नकदी 6 हजार रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि छत्तीसगढ़ नगर में एक युवक नशीली सिरप बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी मोहम्मद अली 43 वर्ष को हिरासत में लेकर तलाशी लिए तो उसके पास कोडिन कफ सिरप 30 नग मिला। वहीं बिक्री रकम नकदी 6 हजार रुपए मिला।

विस अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने नाग पंचमी पर्व पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

रायपुर।/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सावन माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाये जाने वाले, शक्ति एवं सूर्य के अवतार नाग पंचमी पर्व पर प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं। डॉ महंत ने कहा कि, नाग हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है, नागों को धारण करने वाले भगवान भोलेनाथ की पूजा-आराधना करना भी इस दिन विशेष रूप से शुभ माना जाता है। हिंदू धर्म में नागों को देवता माना गया है। नागपंचमी के दिन आठ नागों की पूजा होती है। इनमें अनन्त, वासुकि, पद्म, महापद्म, तक्षक, कुलीक, कर्कट और शंख हैं। कल नाग पंचमी के दिन नाग देवता की पूजा पूरे विधि विधान से किया जाता है। पौराणिक काल के अनुसार, सर्पो को देवता के रूप में पूजा जाता रहा है।

मामूली बात पर दंपति से मारपीट

रायपुर। मामूली बात पर दो युवकों ने एक दंपति व उसके लड़के से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया गिरजा निषाद 38 वर्ष किराना दुकान चलाती है। बताया जाता है कि कल रात उसके दुकान के बाहर आरोपी सेवकराम निषाद एवं चेतन निषाद प्रार्थिया के दुकान के बाहर गाली-गलौज कर रहे थे। जिससे प्रार्थिया ने मना किया तो आरोपियों ने दुकान के अंदर घुसकर प्रार्थिया एवं उसके पति व लड़का से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

महंगाई, बेरोजगारी, अग्निपथ योजना, आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन 5 अगस्त को

- राजधानी रायपुर में राजभवन का किया जाएगा घेराव

रायपुर।/नवप्रदेश। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, अग्निपथ योजना, आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी लगाये जाने के विरोध में 5 अगस्त को राजधानी रायपुर के अंबेडकर चौक में प्रातः 11 बजे विशाल धरना प्रदर्शन के पश्चात राजभवन घेराव किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम व प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे। ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कांग्रेस पार्टी के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने ब्लॉक तथा जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर सामूहिक गिरफ्तारी देंगे। राजभवन घेराव में सभी विधायक, पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता भाग लेंगे और सामूहिक गिरफ्तारी देंगे। लोकसभा और राज्यसभा के सांसद गण संसद से राष्ट्रपति भवन तक चलो राष्ट्रपति भवन मार्च करके महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ विरोध दर्ज कराएंगे। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री आवास घेराव करेगी, जिसमें सीडब्ल्यूसी के सदस्य गण एवं वरिष्ठ नेता गण शामिल होंगे।

मरकाम ने कहा कि देश में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। पेट्रोल, एलपीजी से लेकर दालें, कुकिंग ऑयल जैसी जरूरी चीजों की बढ़ी कीमतों ने आम लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। प्री-पैकेज्ड अनाज, आटा, शहद, दही जैसी आवश्यक वस्तुओं पर अतार्कित ढंग से जीएसटी लगाने के कारण महंगाई और बढ़ी है। साथ ही देश में बेरोजगारी भी अप्रत्याशित रूप से आसमान छू रही है। गांवों में, शहरों में, संगठित क्षेत्र में, असंगठित क्षेत्र में हर जगह बेरोजगारी ने विकराल रूप धारण कर रखा है। देश ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों, औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी देख रहा है। इसके अलावा, विवादास्पद, खराब कल्पना और जल्दबाजी में तैयार की गई अग्निपथ योजना, जिसमें कई जोखिम हैं, न केवल सशस्त्र बलों की लंबे समय से चली आ रही परंपराओं और लोकाचार को नष्ट कर दिया है, बल्कि लाखों बेरोजगार युवाओं की आकांक्षाओं को भी नष्ट कर दिया है। कांग्रेस पार्टी सदन से सड़क तक केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं रिकार्ड तोड़ महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही है।

मोटर साइकिल चोरी करने वाला शातिर आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर।/नवप्रदेश। मौदहापारा पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल चोरी करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो नग मोटरसाइकिल जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम कल रात गस्त पर निकली थी, तभी पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक चोरी की बाइक बेचने के फिराक में घुम रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी फैजल खान 19 वर्ष निवासी मौदहापारा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के दो नग बाइक जब्त किया है।

युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

रायपुर।/नवप्रदेश। गोगांव अंडर ब्रिज के पास चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रकाश बंजारा 26 वर्ष अपने घर जा रहा था। तभी गोगांव अंडर ब्रिज के पास अज्ञात चार लड़कों ने प्रार्थी से कहां जा रहे हो कहते हुए गाली-गलौज कर पत्थर से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बाइक सवार दो युवकों को पीटा

रायपुर।/नवप्रदेश। हरदेव लाला मंदिर के पास दो युवकों ने बाइक सवार दो युवक का रास्ता रोककर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद समीर 20 वर्ष अपने दोस्त शेख साहिल के साथ बाइक से घर जा रहा था। तभी हरदेवलाला मंदिर के पास आरोपी दीनू अपने दोस्त के साथ और प्रार्थी का रास्ता रोककर गाली-गलौज कर मारपीट कर बाइक में तोडफ़ोड़ किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

होटल के सामने खड़ी बाइक चोरी

रायपुर।/नवप्रदेश। किरण होटल के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुराना राजेन्द्र नगर निवासी प्रार्थी लोकेश्वर पटेल 26 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि वह शनिवार को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीटी 7879 को किरण होटल के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

रायपुर।/नवप्रदेश। शिवनगर आजाद चौक के पास पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुरेश साहहू 40 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि कल रात वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी आरोपी संजय ठाकुर व विजय ठाकुर आया और पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

खेत में जुआ खेलते 9 जुआरी धरे गए

रायपुर।/नवप्रदेश। राजधानी के मुजगहन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सलोनी स्थित खेत में जुआ खेलते 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तासपत्ती सहित नकदी 65900 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपियों नाम मोहम्मद एजाज 38 वर्ष, नागेश्वर साहू 27 वर्ष, विक्की साहू 24, रमेश कुमार ढीमर 50 वर्ष, राजा नारंग 21 वर्ष, मोहम्मद सकील 41 वर्ष, शमशेर अली 50 वर्ष, राजू साहू 34 वर्ष व शिवनारायण साहू 51 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तासपत्ती सहित नकदी 65900 रुपए जब्त किए है।

शराब पीते तीन पकड़ाए

रायपुर।/नवप्रदेश। सरेआम शराब पीते पुलिस ने तीन युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने शास्त्री बाजार के पास शराब पीते आरोपी राजेंद्र जंघेल 45 वर्ष व गुरूदत्त वर्मा 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने ग्राम चरौदा में शराब पीते आरोपी प्रेमनाथ साहू 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

अवैध शराब के साथ युवती गिरफ्तार

रायपुर।/नवप्रदेश। विधानसभा पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के साथ एक युवती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपिया के पास से 26 लीटर 250 एमएल महुआ शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपिया कुमारी डीना भारद्वाज 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपिया के कब्जे से 26 लीटर 250 एम एल महुआ शराब जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 20760 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गुप्ती के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर।/नवप्रदेश। चाकू लेकर आतंक फैलाते हुए माना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि कमल विहार चौक के पास एक युवक चाकू लेकर आतंक फैला रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी शंकर राव 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से गुप्ती जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट 25,27 के तहत कार्रवाई की है।

हर घर तिरंगा अभियान में शामिल हुआ एनएमडीसी

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक, एनएमडीसी ने भारत सरकार की आजादी का अमृत महोत्सव पहल के अनुरूप हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया। खनन प्रमुख ने महावीर चक्र से सम्मानित कर्नल बी संतोष बाबू द्वारा गलवान घाटी में देश के लिए दिए गए बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करके साहस को सम्मानित किया। एनएमडीसी ने इस अवसर पर कर्नल बी संतोष बाबू के माता-पिता- मंजुला और बिक्कुमल्ला उपेंदर को सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया।

हर घर तिरंगा के तत्वावधान में, सम्मानित अतिथियों ने एनएमडीसी के सीएमडी श्री सुमित देब को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा और श्री सुमित देव ने उन्हें तिरंगा सौंपकर सम्मान व्यक्त किया। श्री सुमित देब ने एनएमडीसी के निदेशक (वित्त) श्री अमिताभ मुखर्जी और सीवीओ श्री बी विश्वनाथ (आईआरएसएस) के साथ कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा और सभी को 13 से 15 अगस्त, 2022 के दौरान अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया। मंजुला ने अपने बेटे की वीरता और साहस की कहानियों को साझा करते हुए कहा, मैंने अपने बेटे को राष्ट्र की सर्वोच्च सेवा के लिए तैयार किया। उनकी सेवा के दौरान, जब मैं उनके और उनके परिवार के लिए चिंता व्यक्त करती थी, तो बाबू हमेशा कहते थे कि 'राष्ट्र प्रथम' है। ÷इसी प्रकार श्री बिकुमल्ला उपेन्द्र ने कहा, ÷मेरा बेटा एक असाधारण अधिकारी था। उनको यह सम्मान मृत्युपर्यंत राष्ट्र की सेवा करने की उनकी भावना से मिला है और यह भावना को हमारे देश के युवाओं में अवश्य होनी चाहिए।

इस अवसर पर सुमित देब ने कहा, अमर जवान कर्नल बी संतोष बाबू के परिवार के साथ हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाना एनएमडीसी के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने हमारे तिरंगे के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। खनिज भवन में प्रतिदिन हमारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है। खनन के लिए एनएमडीसी के लौह से मजबूत प्रयास भगवा से प्रेरणा लेते हैं, समुदाय के लिए हमारे दशकों के निवेश श्वेत से प्रेरित हैं, और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हरे रंग से आती है। मैं एनएमडीसी परिवार से आग्रह करता हूं कि वह आगे बढकर अपने घरों पर तिरंगा फहराने में पूरे दिल से भाग लें।

15 अगस्त को सभा के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने समिति गठन किया

रायपुर।/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी पी.एल. पुनिया के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने आगामी 5 अगस्त को आयोजित राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन राजभवन घेराव, 9 अगस्त से आयोजित विधानसभास्तरीय पदायात्रा तथा आजादी के हीरक महोत्सव के समापन समारोह पर 15 अगस्त 2022 को राजधानी रायपुर में आयोजित विशाल सभा के सफल संचालन एवं आयोजन हेतु प्रदेश समिति का गठन किया है जो निम्नानुसार है।

प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री संगठन अमरजीत चावला, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे होंगे।

राजीव भवन में बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि मनायी

रायपुर।/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन रायपुर में आज 01 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस कमेटी, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटक एवं समस्त मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठों विभागों के संयुक्त तत्वाधान में महान समाज सुधारक विचारक और स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि, माल्यार्पण अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रवक्ता विकास तिवारी, शीत श्रीवास, दिलीप सिंह चौहान, अभिलाष सिंह, गंभीर सिंह ठाकुर, लखेश साहू, नानक रेजवानी, रामकुमार आर्य, शब्बीर खान, हेमंत देवांगन, जागेन्द्र पांडेय कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

बचत और बचाव के दोहरे फायदे देने वाला अद्भुत उत्पाद -'जुड़वा जी'

- तना छेदक और कैटरपिलर जैसे कीटों से पौधों का बचाव करे

रायपुर/नवप्रदेश। सल्फर मिल्स लिमिटेड ने हाल ही में अपने पेटेंट कीटनाशक 'जुड़वा जी' को छत्तीसगढ में लॉन्च किया। इस अवसर पर सल्फर मिल्स लिमिटेड के प्रबंध-निदेशक बिमल शाह ने बताया कि, जुड़वा जी विश्व का पहला ड्राई कैप टेक्नोलॉजी पर आधारित कीटनाशक है, जिसके सभी एक्टिव रसायन एक पॉलीमर कैप्सूल के अंदर सुरक्षित रहते हैं। यह रसायन पौधों की पत्तियों पर उचित समय और उचित मात्रा में पहुंचते है, जिससे कि पौधों को कीटों से सुरक्षित रखा जा सके। इस तरह जुड़वा जी पौधों का तना छेदक और कैटरपिलर जैसे कीटों से नियंत्रण करता है।

बिमल शाह ने बताया कि जुड़वा जी एक अद्वितीय संकल्पना है, जिसमें कंपनी की पेटेंट की हुई ड्राई कैप टेक्नोलॉजी दो अलग-अलग कृषिरसायनों के एक साथ छिडकाव को संभव बनाती है। इसके उपयोग से बाज़ार में उपलब्ध अधिक ज़हरीले तरल फॉर्मूलेशन के उपयोग को कम किया जा सकता है, जो कि ज्यादा हानिकारक होते हैं।

जुड़वा जी अलग-अलग प्रकार के कीटों और अलग अलग प्रकार की फसलों पर कारगर है जिसमें धान, कपास, मूंगफली, गन्ना, सोयाबीन के साथ-साथ टमाटर, गोभी, मिर्ची और प्याज की फसलें भी शामिल है। जुड़वा जी पानी में घुलने वाला कीटनाशक है, जिसे 270- 300 ग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से पानी में घोलकर पौधों पर छिड़काव किया जा सकता है। यह पौधे की पूरी सतह पर बराबर मात्रा में फैलता है और बहुत जल्दी कीटों का नियंत्रण करता है।

जुड़वा जी सुगंधहीन है और ड्राई कैप टेक्नोलॉजी के कारण छिड़काव के समय कम से कम मात्रा में पौधों को लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करता है। और साथ - साथ जुड़वा जी का मिट्टी और पर्यावरण पर कोई दुष्परिणाम भी नहीं होता है। जुड़वा जी का उपयोग नियमित मात्रा में और सही समय पर किया जाना जरूरी है जिससे ज्यादा से ज्यादा फायदा लिया जा सके। सल्फर मिल्स लिमिटेड ने अब तक जुड़वा जी के लिए 10 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय पेटेंट प्राप्त किए हैं जिसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, तैवान, और चाइना जैसे देशों के पेटेंट भी शामिल है। कंपनी के पास पूरे विश्व में 800 से अधिक उत्पादों के पंजीकरण का रिकॉर्ड है और भारत में कई सारे उत्पादों की श्रेणियों में यह अग्रेसर कंपनी है। साथ ही कंपनी द्वारा 80 से ज्यादा देशों में अपने उत्पादों का निर्यात भी किया जाता है। सल्फर मिल्स लिमिटेड का मुख्यालय मुंबई स्थित है और यह कंपनी तकनीक के आधार पर आधुनिक फसल सुरक्षा और विशेष खाद उत्पाद बनाने और उसके बिक्री में देश की अग्रणी कंपनी है। सल्फर मिल्स लिमिटेड कृषि के लिए सल्फर बनाने वाली महत्वपूर्ण कंपनी है और दुनिया का सबसे बड़ा वाटर डिस्पर्सिबल ग्रेन्यूल्स (WDG) बनाने के लिए जानी जाती है। कंपनी के सभी उत्पाद अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, एशिया और मिडिल ईस्ट में बड़ी मात्रा में निर्यात किए जाते हैं।

छात्रावास अधीक्षिका की कारगुजारी बच्चों पर न पड़ जाए भारी!

◗ छात्राओं के स्वाथ्य के साथ आश्रम अधीक्षिका कर रही खिलवाड़

सुकमा/नवप्रदेश। छात्रावास अधीक्षिका द्वारा छात्राओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। मामला गादीरास पंचायत में संचालित नवीन कन्या आश्रम गोंदपल्ली का है। जहां जिला प्रशासन द्वारा कोराना माहमारी के वक्त क्वारंटाइन सेंटर बनाकर प्रवासी मजदूरों व संक्रमित व्यक्तियों को रखा गया था। कोरोना महामारी से निपटान के बाद संस्था को बंद किया गया था। जिसके पुनः बाद राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन से विभाग को स्पष्ट रूप से दिशा निर्देश जारी किया गया कि स्कूल भवन व आश्रम शालाओं की साफ-सफाई व रंगरोगन प्राथमिकता से करने के पश्चात ही संस्था का संचालन किया जाए ताकि आगामी समय में छात्रों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए शासन से प्रत्येक शाला आश्रम के लिए बजट का प्रावधान कर प्रत्यके आश्रम शालाओं में विशेष निधि से शाला अनुदान मद से खाते में राशि प्रदाय किया गया, लेकिन आश्रम अधीक्षिका ने शासन के निर्देशों को दरकिनार कर राशि में बंदरबाट करने हुए शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ाई गई।

बिना काम अनुदान राशि का भुगतान

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दावा किया है की कन्या आश्रम गोदपल्ली अधीक्षिका हेमलता मरकाम द्वारा बिल वाउचर प्रस्तुत कर शाला अनुदान कि राशि आहरण कर लिया गया, लेकिन आज पर्यन्त तक आश्रम शाला में किसी भी प्रकार से न तो साफ-सफाई कराई गई और न ही भवन को रंग रोगन करवाया गया। भवन को आईसोलेशन वार्ड में तब्दील होने के बावजूद बच्चों की उपस्तिथि सुनिश्चित करा कर आवासीय आश्रम संचालत कर संस्थागत बच्चों कीजान जोखिम में होने की बात को नकारा नहीं जा सकता है।

लापरवाही से बच्चो में संक्रमण का खतरा

पिछले कुछ दिनों में प्रदेशभर में तेजी से कोरोना संक्रमित मरीज पाए गए हैं। जिससे कुछ मरीजों की मौतें भी हो चुकी हैं। ऐसे में अगर संयोगवश संस्थागत बच्चों को कोरोना संक्रमित करता है तो सुकमा भर में भयावह स्थिति निर्मित होने की संभावना है। अधीक्षिका द्वारा इतनी बड़ी लपरवाही में विभाग भी पूर्णरूप से बराबार का जिम्मेदार हैं। मामले में संज्ञान के बाद भी विभागीय अधिकारियो द्वारा आज पर्यन्त तक मामले में किसी भी प्रकार से गंभीरता से निरीक्षण किया गया और न ही जवाबदेही का परिचय दिया गया।

> इस संबंध में जब छात्रावास अधीक्षिका हेमलता मरकाम से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि इतने बड़े भवन की साफ-सफाई व रंगाई पोताई कराना संभव नहीं है।
>
> **अधीक्षिका**

महिला ने लगाई फांसी, मौत

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। एक शादीशुदा महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका पति आए दिन उससे झगड़ा करता था। शादी के एक साल बाद से ही दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया था। आखिरकार युवती ने अब अपनी जान दे दी है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। नवागढ़ के अवरीद गांव की रहने वाली साधना कश्यप (21 साल) की शादी 3 साल पहले शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के भंवतरा निवासी कृष्णा कश्यप (23 साल) से हुई थी। शादी के एक साल तक तो सब कुछ ठीक था। मगर एक साल बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया था। पति आए दिन झगड़ा करता था। किसी ना किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद होता रहता था। बताया जा रहा है कि शनिवार के दिन साधना के ससुरालवाले खेत में काम करने के लिए गए थे। इसके बाद दोपहर को वे जब वापस लौटे तो उन्होंने साधना का शव फंदे पर लटका हुआ देखा था। जिसके बाद पुलिस को भी इस बात की सूचना दी गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा दिया था और मामले में जांच शुरू की है। इधर, इस बात की जानकारी साधना के मायके वालों को भी दी गई थी। खबर मिलने पर मायके वाले भी तुरंत उसके गांव पहुंच गए। यहां पहुंचने के बाद उन्होंने साधना के पति पर उसे प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ये आए दिन साधना को परेशान करता था। जिसके चलते उसने अपनी जान दी है।

साहू संघ आज मनाएगा रक्षा बंधन महोत्सव

नगरी/नवप्रदेश। जिले के विभिन्न थानों और बीएसएफ कैम्पों में पदस्थ पुलिस जवानों सुरक्षा बलों को जिला साहू संघ की महिला प्रकोष्ठ की बहनों द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर उज्वल भविष्य की कामना करेंगे। इस अवसर पर साहू समाज के जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू अपने पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रहकर जवानों का हौसला अफजाई करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में तहसील अध्यक्ष पुनितराम साहू, अनराज साहू, हृदय साहू, सुभाष साहू, पेमंत साहू, अनिरुद्ध साहू, दुर्गेश साहू, महेश्वरी साहू, कमला देवी साहू, प्रभादेवी साहू के साथ तहसील साहू समाज नगरी व्यवस्था में लगे हैं।

संयुक्त बैठक में शामिल हुई पिंकी शिवराज शाह

नगरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा पिंकी शिवराज शाह अपने 4 दिन के बिहार प्रवास के दौरान पटना में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा के संयुक्त बैठक में भाग लेने के दौरान आयोजित रैली में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा के साथ बैलगाड़ी में सवार होकर रैली में शामिल हुई। शाह इस दौरान सभी मोर्चा के आयोजित संयुक्त बैठक में 2 दिन पटना में शामिल हुई।

बिजली खंबे से निकल रही चिंगारी, शिकायत के बावजूद सुध नहीं

◗ विद्युत विभाग व पार्षद के खिलाफ वार्डवासियों में पनप रहा आक्रोश

कांकेर/नवप्रदेश। इन दिनों बारिश का मौसम है। आए दिन बिजली गुल होना आम बात हो चली है। इन सबसे हटकर बिजली विभाग की एक बड़ी लापरवाही आप आसानी से देख सकते हैं। नगर पालिका अंतर्गत आने वाले संजय नगर वार्ड के मेमन जमात खाना के ठीक सामने विद्युत विभाग का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। ट्रांसफार्मर का बोर्ड इतना नीचे लगा हुआ है की किसी भी मासूम बच्चों का हाथ उक्त बोर्ड पर आसनी से पहुंच सकता है। इतना ही नहीं ट्रांसफार्मर से कई बार चिंगारी निकलती है। जहां ट्रांसफार्मर बोर्ड लगा हुआ है। वहां आसपास रिहायशी इलाके में आता है। साथ ही स्कूल भी नजदीक है। जमात खाने में आए दिन शादी विवाह कार्यक्रम में भारी भीड़ देखी जा सकती है। इसके अलावा आसपास के लोग ट्रांसफार्मर के ढक्कन को बंद कराने मौखिक लिखित शिकायत कर चुके हैं। उक्त ट्रांसफार्मर के आसपास रहने वाले लोगों ने सामूहिक बयान देते बताया की हर दिन ट्रांसफार्मर से चिंगारी निकलती है। छोटे छोटे बच्चे खेलते खेलते ट्रांसफार्मर के करीब आ जाते हैं। किसी ना किसी तरीके से हर दिन लोगों में चिंगारी और छोटे बच्चों को लेकर दहशत का माहौल बना रहता है। वार्डवासियों की मौखिक लिखित शिकायत के बावजूद आज पर्यन्त तक विभाग द्वारा कोई सुध लेते नहीं दिखा।

नपा अध्यक्ष द्वारा सुध नहीं लेने पर आक्रोश

संजय नगर वार्ड नपा अध्यक्ष सरोज जितेंद्र सिंह ठाकुर का वार्ड है। वार्डवासियों के अनुसार पार्षद आज तक वार्ड में समस्या के समाधान को लेकर कोई सुध नहीं लेते दिखी है। ट्रांसफार्मर के बोर्ड में ढक्कन और लगातार खंबे से चिंगारी निकलने की जानकारी मौखिक की जा चुकी है। लेकिन साल बीत गया अब तक ना तो पार्षद ने कोइ सुध ली और ना ही विद्युत विभाग ने कोइ सुध लेते दिखाई दी है। वार्डवासियों में विद्युत विभाग की लापरवाही व पार्षद की अनदेखी से जमकर आक्रोश पनप रहा है।

हितग्राही चयन समिति की बैठक 3 अगस्त को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुसूचित जाति, जनजाति, सफाई कामगार एवं अल्पसंख्यक वर्ग के आवेदकों से प्राप्त आवेदन पत्रों के चयन हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक 3 अगस्त को जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। यह बैठक पूर्वाह्न 11 बजे से ली जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सांसद लोकसभा क्षेत्र सरगुजा, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के विधायक डॉ प्रीतम राम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, उप संचालक कृषि, व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक तथा जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

हाथ-पांव सूजन जैसे बीमारी के 25 नए मरीज पहुंचे मुख्यालय

सुकमा/नवप्रदेश। एक सप्ताह पहले अज्ञात बीमारी के प्रकाश में आने के बाद से ही सुकमा जिला कोंटा ब्लॉक के रेगड़गट्टा पंचायत में हाथ-पांव में सूजन की समस्या से दहशत का माहौल हैं। ग्रामीणों का कहना हैं कि पिछले तीन साल में करीब 61 ग्रामीणों की मौत हो चुकी हैं। रेगड़गट्टा पंचायत के कुल चार पारा कुम्हारपारा, स्कूलपारा, पटेलपारा व ताड़गुड़ा व आश्रित गांव मूसलमड़गु सभी जगह यही हालात हैं। यहां कोई न कोई बीमार हैं या फिर कोई मौत के आगोश में समा गया हैं। पश्चात जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम बीते कुछ दिनों से लगातार रेगड़गट्टा पहुंच रहा हैं। एक बार फिर 25 के करीब मरीज रेगढ़गट्टा से जिला मुख्यालय के अस्पताल में पहुंचे हैं। स्वास्थ्य अमला सभी मरीजों के जांच कर ईलाज में जूठ गया हैं। कलेक्टर हरिस एस के निर्देश स्वास्थ्य अमला रेगडगट्टा गांव पहुंचा और साथ ही पंचायत के आश्रित सभी गांव में स्वास्थ्य टीम पहुंची। जिसके बाद बीमार से पीड़ित लोगों को बेहतर ईलाज के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा है। ग्रामीणों को लाने के लिए टीम को काफी मेहनत करनी पड़ी। अब जिला अस्पताल में इनका इलाज किया जाएगा।

जांच के बाद रोज पाए जा रहे नए मरीज : गुरुवार को स्वास्थ्य अमले की टीम रेगड़गट्टा गांव पहुंच कर 171 लोगों का स्वास्थ्य जांच की गई। 130 लोगों का मलेरिया जांच किया गया। जिसमें 3 लोग मलेरिया पॉजिटिव पाए गए साथ ही हाथ पैर दर्द की शिकायत के 11 लोगों के यूरीन सैंपल लिए गए। गांव में 4 लोग हाथ पैर दर्द की शिकायत सामने आई इसके अलावा अन्य लोगों जो हाथ पैर दर्द और सूजन की इलाज कर रहे थे उनका भी यूरिक एसिड लिया गया है वहीं मेडिकल टीम ने बताया कि 2 महिला एनीमिया से पीड़ित है। मरीजों को मेडिकल टीम भेजकर उन्हें अस्पताल लाया जाएगा।

इस तरह अपनी चपेट में ले रहा ये बीमारी

इस अज्ञात बीमारी के होने से सबसे पहले हाथ-पैर में सूजन आता हैं। फिर पेट फूलने की शिकायत होती हैं, जिसके पश्चात हालात गंभीर होते चले जाते हैं जिसके बाद पीड़ित की मौत हो जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसी वर्ष मई माह में मेडिकल जांच टीम भी आई थी। लेकिन कुछ लोगों का जांच किया गया। जांच रिपोर्ट में कुछ भी नहीं बताया गया। मेडिकल टीम द्वारा हम लोगों की जांच संबंधित जानकारी दी होती तो इलाज किया जा सकता था। सुदूर अंचल होके के वजह से आने जाने में भी काफी दिक्कत होती है। यहां के लोगों को इलाज के लिए कोंटा या फिर सुकमा जिला अस्पताल पर निर्भर होना पड़ता है।

झाड़-फूंक के सहारे ग्रामीण कराते थे इलाज

स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में ग्रामीण आज भी झाड़-फूंक के सहारे अपना इलाज करते हैं। जानकारी के कमी के चलते ग्रामीण इलाके के लोग आज भी अस्पताल से जुड़ी स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर बिल्कुल भी जागरुक नहीं है। जागरूकता की कमी के कारण यह ग्राम में अस्पताल जाने के लिए बचते है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं किया जाता है। यह केवल खानापूर्ति कर अपना काम पूरा करते हैं।

क्या कहते हैं सीएचएमओ

मुख्य चिकित्सा अधिकारी यशवंत ध्रुव ने बताया के मामला प्रकाश में आने के बाद कलेक्टर के दिशा निर्देश में जगदलपुर मेडिकल कॉलेज से विशेष जांच टीम बुलाया गया था। जगदलपुर मेडिकल कॉलेज से विशेषज्ञों की टीम रेगड़गट्टा गांव में हो रहे मौत व इस अज्ञात बीमारी की गांव पहुंच कर जांच करेंगे। और मौत के कारणों के साथ ही अन्य पहलुओं की बारीकी से जांच की जाएगी। उच्च अधिकारियों द्वारा टीम गठित की गई है। लेकिन सुरक्षा कारणों से विशेष जांच दल रेगड़गट्टा नहीं पहुंच सका।

कलेक्टर जनदर्शन में मिला जमीन का मालिकाना हक

नारायणपुर/नवप्रदेश। शासन की मंशानुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तर पर कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में जनदर्शन का आज प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक किया गया, जिसमें जिले के अंदरूनी गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण आकर अपनी मांग एवं समस्याओं संबंधी आवेदन दिया। जनदर्शन में नारायणपुर विकासखंड के ग्राम तेरदुल निवासी मुरहा पिता सुकालू ने चैतराम पिता मंगल जो कि मुरहाराम की भूमि पर काबिज है, उससे स्वयं की भूमि का पट्टा प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर अभिलेखों को आवश्यक सुधार करने हेतु आवेदन दिया था। जिस पर कलेक्टर ने उक्त प्रकरण एवं भूमि के दस्तावेजों की जांच करने के निर्देश तहसीलदार नारायणपुर को दिये थे। जांच में पाया गया कि मुरहाराम पट्टा प्रदाय होने से आज दिनांक तक चैतराम के भूमि पर कास्त कर रहा है। ऐसी स्थिति में कलेक्टर ने चैतराम के हितों को ध्यान में रखते हुए मुरहाराम को खसरा नंबर 386 रकबा 2.020 हेक्टेयर से कब्जा छोड़ने के निर्देश दिये और अपनी भूमि खसरा नंबर 250 रकबा 2.020 हेक्टेयर में कृषि कार्य करने कहा। इसके अलावा जनदर्शन में जमीन का मुआवजा दिलाने, हास्टल की समस्याओं को दूर करने, अतिथि शिक्षक को सेवा देने, के अलावा अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टोरेट में आज आयोजित जनदर्शन में समस्या - शिकायतों से संबंधित कुल 5 आवेदन प्राप्त हुए।

आशिफा का अंडर 16 स्टेट क्रिकेट टीम में हुआ चयन

सुकमा/नवप्रदेश। जिले के दो बच्चियों ने खेल के जगत में सुकमा जिले का मान बढ़ाया हैं। सुकमा नगर पालिका उपाध्यक्ष आयशा हुसैन पिता मो. हुसैन की बेटी आशिफा हुसैन ने क्रिकेट में कॉलिफाई मैच में अपना स्थान मजबूत करते हुए छत्तीसगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन में अपना स्थान बनाने में सफल रही है। अंडर 16 में आशिफा हुसैन का चयन होना बड़ी खुशी की बात है। अब आशिफा छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड के लिये आगे का खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए रायपुर कैम्प में भाग लेंगी। इसके पहले भी अंडर 16 में स्कूल खेल में राज्य स्तरीय में भी भिलाई में खेल चूंकि है बचपन से ही खेल में रुचि रखने वाली आशिफा सुकमा के खेल मैदान में ही अपने दोस्तों के साथ प्रशिक्षण प्राप्त की हैं। खेल से कई पुरास्कर भी प्राप्त कर चुकी है। उनका सपना भारती महिला टीम में खेलने का है।

7 तक मनाया जाएगा विश्व स्तनपान दिवस

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में बीजदूतीर स्वयं सेवकों द्वारा अगस्त का पहला सप्ताह विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान पूरे सप्ताह प्रसूता व शिशुवती महिलाओं के बीच स्तनपान को बढ़ावा देने, शिशुओं, नन्हें बच्चों को बीमारी और कुपोषण से बचाने और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने का जागरूकता हेतु प्रयास किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग यूनिसेफ एग्रिकान द्वारा संयुक्त रूप से 1 से 7 अगस्त तक जागरूकता के कई कार्यक्रम होंगे। विश्व स्तनपान सप्ताह 2022 की थीम मौका छुटे ना के आधार पर बीजदूतीर स्वयंसेवक सफल स्तनपान हेतु जागरूकता हेतु कदम बढ़ाएं है। विश्व स्तनपान सप्ताह का उद्देश्य जिले में प्रसूता व शिशुवती महिलाओं के बीच स्तनपान के लिए जागरूकता बढ़ाना है, क्योंकि यह बच्चों के साथ-साथ माताओं के स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्तनपान की जिम्मेदारी माता के साथ साथ परिवार व मुख्य रूप से पिता की भी होती है। पिता द्वारा सप्ताह के दौरान स्तनपान का महत्व लोगों तक पहुंचाने के लिए जिला, ब्लॉक व ग्राम स्तर पर कार्यशाला, रैली नुक्कड़ नाटक जैसे विभिन्न कार्यक्रम बीजदूतीर स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित किए जाएंगे।

प्रथम पेज का शेष...

केंद्र के खिलाफ...

का ट्रेक रिकॉर्ड निकालेंगे तो पता चलेगा कि केवल विपक्षियों को टारगेट किया गया है। ईडी जो है वह राजनीतिक उद्देश्य के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, जहां भाजपा शासित राज्य हैं, भाजपा के नेता हैं अथवा उससे जुड़े हुए संगठन हैं वहां वे कार्रवाई नहीं करते। केवल विपक्षियों को टारगेट किया गया है। उन्होंने कहा, अगर गलत हुआ है तो उसमें कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं भाजपा पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों पर करोड़ों खर्च कर सजाती-संवारती है, उसके बाद निजी हाथ में बेच देती है। दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में हम लोगों के खातों में सीधा पैसा डालने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात मॉडल लोगों के जेब से पैसा निकालने का काम कर रही और हम लोगों को सशक्त बनाने का। आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन द्वारा प्रदेश की सरकार की तारीफ पर सीएम ने कहा कि हमारी सुराजी योजना नरवा, गरवा, घुरुआ,बाड़ी लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का काम करती है। इसलिए इतने बड़े अर्थशास्त्री (रघुराम राजन) ने हमारे योजनाओं की तारीफ की है। सीएम ने कहा की जब इतने बड़े अर्थशास्त्री आपके काम की तारीफ करते हैं, तो काम करने के प्रति आत्मविश्वास बढ़ता है।

माता शबरी के नाम पर होगा स्टेडियम : सीएम भूपेश बघेल ने शिवरीनारायण में कई घोषणाएं की। इनमें शिवरीनारायण में बनने वाले नए स्टेडियम का नाम माता शबरी के नाम पर करने की घोषणा की गई। वहीं मानस महोत्सव के लिए बजट में 10 करोड़ की राशि, राजिम महोत्सव के लिए 9 करोड़ की राशि, गिरौधपूरी और दामाखेड़ा को विकसित करने की बात कही।

भगवान नर नारायण मंदिर में की पूजा-अर्चना : शिवरीनारायण पहुंचे मुख्यमंत्री बघेल ने सबसे पहले भगवान नर नारायण मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। इसके बाद मेला स्थल पर कार्यक्रम में पहुंचे और कनौजिया कुर्मी समाज की धर्मशाला का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को कृषकों का प्रतीक चिन्ह हल भेंट किया गया। कुर्मी समाज कृषक समाज के रूप में जाना जाता है। इसको वे अपने समाज के प्रतीक चिन्ह के रूप में देखते हैं।

एंबुलेंस में सागौन की...

वनकर्मियों ने एंबुलेंस रोकी तो उसके ड्राइवर ने खुद का परिचय पशु चिकित्सा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर लल्लन सिंह के रूप में दिया। साथ ही जरूरी काम से बीजापुर जाने की बात कही। इसके बाद भी कर्मचारियों ने एंबुलेंस की जांच कराने को कहा। तलाशी के दौरान एंबुलेंस के अंदर सागौन की 4 नग लकड़ियां बरामद हुई। सरकारी वाहन में सागौन तस्करी की घटना से हड़कंप मच गया। फरेस्ट नाके पर भी लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि लकड़ियों को लेकर डिप्टी डायरेक्टर लल्लन सिंह स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। इस पर कर्मचारियों ने इसकी सूचना अफसरों को दी और एंबुलेंस को जब्त कर लिया। इसके बाद लल्लन सिंह दूसरे वाहन से बीजापुर के लिए रवाना हो गए। लकड़ियों को वन विभाग ने अपने काष्ठागार में रखवा दिया है।

लोकसभा में पक्ष-विपक्ष...

बाद सदन में कांग्रेस की मांग के अनुरूप नियम 193 के तहत महंगाई पर चर्चा शुरू हुई।

इससे पहले अध्यक्ष श्री बिरला ने कहा कि सदन में हुई घटनाओं से सब आहत हैं। मैं भी आहत हुआ हूं, देश को भी पीड़ा पहुंची है। यह संसद देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है। यहां की संसदीय परम्परा पर हम सब को गर्व है। चर्चा-संवाद और सकारात्मक बहस से सदन को प्रतिष्ठा मिली है। हमारे पूर्ववर्ती अध्यक्षों और सदस्यों ने मर्यादा और परम्पराओं को निभाया है। इस मर्यादा-शालीनता की रक्षा करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। विषयों पर सहमति-असहमति हो सकती है। लेकिन हमने सदन की गरिमा को बनाए रखा है। चर्चा-संवाद, तर्क-वितर्क हो, विषयों पर बात हो। सभी दलों के नेता और सदस्य चाहते हैं कि सदन चले। सदन चलता है तो सबको पर्याप्त समय और अवसर देता हूं। सदस्य व्यक्तिगत तौर पर भी इसके लिए आग्रह करता हैं। आजादी के अमृतकाल में हत जनकल्याण के लिए सामूहिक पहल करें। नियम-प्रक्रियाओं की पालन कर इस सर्वोच्च सदन की मर्यादा बनाए रखेंगे। ऐसा देश की जनता हम पर विश्वास रखती है।

इस पर कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि हम दूर दराज से इस सदन में चुन कर आते हैं चर्चा एवं बहस के लिए ताकि आम लोगों की तकलीफों का निवारण हो सके। सदन में कोई बड़ा छोटा नहीं होता। हम भी चाहते हैं कि सदन की प्रतिष्ठा नहीं गिरे लेकिन सत्ता पक्ष को अपने गिरेबां में झांकना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सदन से निलंबित चार सदस्यों का निलंबन समाप्त किया जाये।

छत्तीसगढ़ में गिरौदपुरी, चन्द्रखुरी...

के अध्यक्ष राजेश्री डॉ. महंत रामसुंदर दास ने भी जनआस्था को देखते हुए हरेली के दिन 28 जुलाई को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चंदखुरी का नाम माता कौशल्याधाम चंदखुरी करने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री ने इन मांगों पर त्वरित निर्णय लेते हुए इन स्थानों के नए नामकरण के निर्देश दिए हैं।

कार्यालय नगरपालिका परिषद चांपा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
E-mail : cmochampa@rediffmail.com, cmochampanp@gmail.com Fax No. 07819-245180
क्रमांक/1600/रा.वि./न.पा./2022-23 चांपा, दिनांक 01/08/2022

// त्रुटि सुधार सूचना //

कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1564/रा.वि./न.पा./2022-23 दिनांक 25.07.2022 द्वारा दुकान नीलामी सूचना 26 जुलाई 2022 के अंक में प्रकाशित किया गया था जिसके नीलामी दिनांक 11.08.2022 के स्थान पर सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दुकान नीलामी दिनांक 17.08.2022 पढ़ा जावे, शेष विवरण यथावत रहेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद चांपा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

मुख्यमंत्री ने पंडित रविशंकर शुक्ल की जयंती पर उन्हें किया याद

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल की 2 अगस्त को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने पंडित शुक्ल के छत्तीसगढ़ में योगदान को याद करते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के राष्ट्रीय आंदोलनों में उन्होंने शीर्ष भूमिका निभाई। उन्होंने छत्तीसगढ़ में देश की आजादी के लिए जन-जागरूकता लाने का महत्वपूर्ण काम किया। श्री बघेल ने कहा कि रविशंकर जी अच्छे वकील, राजनेता होने के साथ ही अच्छे वक्ता और लेखक भी थे। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद रियासतों के विलय में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें आधुनिक मध्यप्रदेश का निर्माता भी कहा जाता है। छत्तीसगढ़ शासन ने उनकी स्मृति में सामाजिक, आर्थिक तथा शैक्षिक क्षेत्र में अभिनव प्रयत्नों के लिए पं. रविशंकर शुक्ल सम्मान स्थापित किया है। पुरोधा के रुप में दी गई उनकी सीख हमेशा हमें रास्ता दिखाती रहेगी।

आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने छग सरकार की गौठान और गोधन न्याय योजना को सराहा

■ **कहा यह देश में सबसे अच्छा बॉटम-अप एप्रोच है, महिला समूहों की आजीविका मूलक गतिविधियों की प्रशंसा की**

रायपुर/नवप्रदेश। आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने छत्तीसगढ़ सरकार की गौठान और गोधन न्याय योजना की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि गौठान और गोधन न्याय योजना के माध्यम से ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पशुधन, खेती-किसानी और आजीविका को बेहतर बनाने का काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल देश में सबसे अच्छा बॉटम-अप एप्रोच है। राजन ने कहा कि इसके माध्यम से हम न सिर्फ खेती-किसानी और आजीविका का बेहतर समाधान प्राप्त कर सकते है, बल्कि इसके जरिए रासायनिक खाद और कीटनाशक का खेती में अंधाधुंध तरीके से हो रहे उपयोग से भूमि की घटती उर्वरा शक्ति, खाद्यान्न पदार्थों की विषाक्तता, पर्यावरण को हो रहे नुकसान और ग्लोबल वार्मिंग जैसी कई समस्याओं को काफी हद तक कम कर सकते हैं। यह बाते रायपुर जिले के अभनपुर विकासखंड के ग्राम नवागांव (ल) में आदर्श गौठान और वहां महिला समूहों द्वारा संचालित आयमूलक गतिविधियों के मुआयना के दौरान कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, प्रोफेसर राजीव गौड़ा एवं सुश्री यामिनी अय्यर, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि मित्तल सहित अन्य अधिकारी उनके साथ थे।

गौठानों में संचालित गतिविधियों का किया अवलोकन

पूर्व आरबीआई गर्वनर श्री राजन नवागांव (ल) गौठान में पशुधन की देखभाल, चारे-पानी के निःशुल्क प्रबंध की व्यवस्था, पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार एवं टीकाकरण के प्रबंध की भी सराहना की। गौठान में महिला समूहों द्वारा संचालित आयमूलक गतिविधियों जैसे जैविक खाद उत्पादन, मशरूम उत्पादन, सामूहिक सब्जी उत्पादन, तेल आसवन, मत्स्य पालन, मुर्गीपालन, बकरीपालन इत्यादि गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि गौठानों में संचालित आजीविका मूलक गतिविधियां कोविड-19 के दौरान ग्रामीणों को आर्थिक संबल प्रदान करने में मददगार साबित हुई है। गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में दो रूपए किलो में गोबर की खरीदी और इससे वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट का निर्माण तथा खेती में इनका उपयोग एक सराहनीय पहल है। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति को बेहतर बनाने के साथ-साथ कृषि की लागत और खाद्यान्न की विषाक्तता को कम किया जा सकेगा।

यह पहल देश के अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय

प्रोफेसर राजीव गौड़ा ने भी छत्तीसगढ़ सरकार की गौठान और गोधन न्याय योजना की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की यह पहल देश के अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय है। सुश्री यामिनी अय्यर ने गौठान और गोधन न्याय योजना के समन्वय से ग्रामीण महिलाओं को गांव में ही आजीविका एवं रोजगार का बेहतर अवसर प्रदान करने की सराहना की। पूर्व आरबीआई गवर्नर राजन, प्रोफेसर राजीव गौड़ा, सुश्री यामिनी अय्यर ने रायपुर के सेरीखेड़ी स्थित मल्टी एक्टीविटी सेन्टर का भी मुआयना किया। इसका संचालन उजाला ग्राम संगठन सेरीखेड़ी द्वारा किया जा रहा है। इस सेन्टर में ग्रामीण महिलाओं द्वारा 28 प्रकार की गुणवत्तायुक्त पर्यावरणीय मैत्री वाले हर्बल उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है। महिला समूहों द्वारा यहां राखी निर्माण, मशरूम उत्पाद, गेज पीस निर्माण, मिलेट्स आधारित बेकरी उत्पाद, आरओ वाटर बॉटलिंग, सेनेटरी पैड पैकेजिंग यूनिट, बायो-फ्लोक्यूलेशन यूनिट, सोलर ड्रायर, साबुन निर्माण, कोल्ड स्टोरेज इत्यादि गतिविधियां संचालित की जा रही है।

सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर के पदों पर होगी भर्ती

रायपुर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर सह निदेशक लाईवलीहुड कॉलेज रायपुर के मार्गदर्शन में 4 अगस्त को लाईवलीहुड कॉलेज, धरमपुरा रोड, जोरा, रायपुर में सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में 10 वी उत्तीर्ण 21 वर्ष से 36 वर्ष तक के अभ्यर्थी जिनकी न्युनतम ऊंचाई 167.5 सेमी. हो आवेदन कर सकतें हैं।यह प्लेसमेंट कैम्प सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस प्लेसमेंट कैंप में शामिल होने वाले अभ्यर्थी अंकसूची और आधार कार्ड की मूल प्रति एवं छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है।

चावल जमा नहीं करने पर राइस मिल में छापा, धान और चावल जब्त

जांजगीर-चाम्पा। भारतीय खाद्य निगम में समय पर चावल नहीं जमा करने वाले राइसमिलर्स के विरुद्ध खाद्य विभाग द्वारा कार्यवाही प्रारंभ की की गई है। इसी कड़ी में अकलतरा स्थित राधाकृष्ण राइसमिल में कार्यवाही करते हुए 170 क्विंटल धान एवं 112 क्विंटल चावल की जब्ती बनाकर छ ग कस्टम मिलिंग उपार्जन आदेश 2016 के तहत कार्यवाही की गई है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशानुसार जिले के ऐसे राइसमिलर जिनके द्वारा भारतीय खाद्य निगम में कस्टम मिलिंग चावल नियमित जमा नहीं किया जा रहा है उनका चिन्हाकन कर उनके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही किया जाना है। भारतीय खाद्य निगम में चावल जमा करने में कोताही बरतने वाले राइसमिलर्स के विरुद्ध जिलाप्रशासन की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। खाद्य निगम में चावल जमा कराने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है।

हत्या के इरादे से युवक पर चाकू से हमला

रायपुर। एमएमआई अस्पताल के पास दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शुभम पांडे 22 वर्ष अपने दोस्त रवि पाल के साथ कल रात एमएमआई अस्पताल के पास स्थित सोनू पान ठेला के सामने खड़ा था, तभी आरोपी शनि पांडे व रूपेश ने रवि पाल से विवाद कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

रेत के ढेर में दबा मासूम, मौत

मनेंद्रगढ़/जनकपुर। जिले के जनकपुर थाना अंतर्गत डोंगरी टोला में शनिवार की शाम एक 10 वर्षीय बालक खेलते-खेलते रेत में दब गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही परिजन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और शव को बाहर निकाल कर पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। जनकपुर थाना प्रभारी दीपेश सैनी ने बताया जनकपुर थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोंगरी टोला में रहने वाला 10 वर्षीय बालक बादल सिंह पिता राजभान सिंह जाति गोंड़ अपने परिजनों के साथ पास के ही खेत में रोपा लगाने गया था। शाम लगभग 4 बजे वह खेलने जा रहा हूं कहकर वापस पंचायत भवन के पास आकर वहां रखे रेत के ढेर में खेलने लगा। खेलते-खेलते अचानक रेत का ढेर उस पर गिर गया और बालक उसमें दब गया।

सांस लेने में तकलीफ होने के कारण बालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के करीब 1 घंटे बाद बालक के नाना ने रेत के ढेर में किसी को दबा हुआ देखा तो जाकर उसने उसे बाहर निकाला। उसने देखा की वह शव तो उसके नाती बादल सिंह का है तो तत्काल इसकी जानकारी परिजनों को दी। घटना की सूचना जनकपुर पुलिस को देर रात को मिली जिसके बाद रविवार की सुबह पुलिस मृतक के घर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

चलती ट्रेन से साढ़े तीन लाख रुपए के गहने पार

■ **समरसता एक्सप्रेस में टीचर और उनकी पत्नी कर रहे थे सफर**

बिलासपुर/नवप्रदेश। समरसता एक्सप्रेस में यात्रा करते समय टीचर की पत्नी के बैग से चोरों ने रविवार की सुबह झारसुगड़ा स्टेशन में साढ़े तीन लाख रुपए कीमती गहने चोरी कर लिए। ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने पर टीचर ने जीआरपी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। टीचर और उनकी पत्नी झारसुगड़ा से बिलासपुर आ रहे थे। उसी समय यह वारदात हो गई। जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव निवासी नरेंद्र कुमार देवांगन टीचर हैं। वह अपनी पत्नी ललीता देवांगन के साथ रविवार की सुबह समरसता एक्सप्रेस में सफ र कर रहे थे। दोनों झारसुगड़ा स्टेशन से ट्रेन में एसी 2 कोच के सीट नंबर 26 व 27 में बैठे थे। उन्हें वापस डोंगरगांव लौटना था। ट्रेन में चढ़ने के बाद उनकी पत्नी को पता चला

कि उनके बैग में रखे दो सोने की हार गायब हैं। घबराई ललीता ने इस घटना की जानकारी अपने पति को दी। उन्होंने ट्रेन में गहनों की तलाश की। लेकिन, कुछ पता नहीं चला।

बेटे से मिलने गए थे झारसुगड़ा

टीचर नरेंद्र देवांगन ने बताया कि उनका बेटा झारसुगड़ा में जॉब करता है। इसके चलते वह अपनी पत्नी को लेकर बेटे से मिलने गए थे। रविवार की सुबह ट्रेन में चढ़ने के लिए वे प्लेटफार्म बदल रहे थे। उन्हें शक है कि ट्रेने में चढ़ते समय ही किसी ने उनकी पत्नी की बैग का चेन खोलकर जेवर पार किया है।

मुठभेड़ में एक नक्सली कमांडर डीव्हीसी सदस्य ढेर

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भंडारपदर के जंगल में सोमवार सुबह लगभग 07:30 बजे डीआरजी के जवानों के साथ हुई नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली कमांडर डीव्हीसी सदस्य को ढेर कर दिया है। इलाके की सर्चिंग के दौरान मारे गए नक्सली कमांडर का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी केअनुसार मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की पहचान नक्सली कमांडर डीव्हीसी सदस्य हड़मा उर्फ सनकू निवासी रेगड़गट्टा, थाना भेजी के रूप में की गई है। बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने ग्राम भंडारपदर के जंगल में हुई मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गए नक्सली का शव बरामद कर लिया गया है। सर्चिंग जारी है, विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त की जा रही है।

भाजपा महिला मोर्चा ने कैम्पों के जवानों को रक्षा सूत्र बांधा

नगरी/नवप्रदेश। भाजपा सिहावा विधानसभा क्षेत्र के महिला मोर्चा ने क्षेत्र के पूर्व विधायक श्रवण मरकाम के नेतृत्व में क्षेत्र के अंतिम छोर बोराई, सीता नदी एवं बिरनासिल्ली के अलावा बोराई थाना, नगरी थाना एवं सिहावा थाना में तैनात देश और क्षेत्र की सुरक्षा कर रहे जवानों एवं अधिकारियों को रक्षासूत्र बांध कर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं बधाईयां देते हुए जवानों को जो अपने परिवार से दूर रहते हुए हम सबकी रक्षा कर रहे हैं उन्हें परिवार जैसा अहसास दिलाया। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं जिला मंत्री प्रेमलता नागवंशी ने जवानों से कहा भाईयों हमारी ये रक्षा सूत्र बांधने की परम्परा को कभी भी नहीं छोड़ेंगे क्योंकि कैम्पों में देश की सुरक्षा में तैनात जवानों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है उनकी अपनी बहनों का रक्षाबंधन समय पर नहीं मिल पाता है भाई रक्षाबंधन के दिन निराश हो जाते हैं अपने परिवार से दूर रहकर हमारी सुरक्षा कर रहे हैं इसलिए छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महिलाओं ने सन 2001 से रक्षाबंधन कार्यक्रम करते आ रही हैं वास्तव में हम सब का सौभाग्यशाली है कि हमें जवानों को रक्षाबंधन बांधने कि अवसर मिलता है। इस अवसर पर नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष आराधना नागेंद्र शुक्ला ने भी जवानों को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं बधाईयां दी। जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष दिनेश्वरी महेन्द्र नेताम ने भी जवानों को

रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं बधाईयां प्रेषित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रतिमा देवांगन, अमिता दुबे, रामेश्वरी साहू, महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुलोचना साहू, बबिता साहू, हेमलता यादव महामंत्री, हेमलता साहू, चेलेश्वरी साहू, जिला कार्यसमिति सदस्य सु सत्यवती नेताम, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरजोतिन साहू, तेजस्विनी साहू, उपाध्यक्ष अंचला यदु, यशोदा साहू, विनिता कोठारी, विभा राजपूत, जनपद उपाध्यक्ष हुमित लिमजा, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेन्द्र नेताम, जीतू साहू, चित्रांश नागवंशी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमलता साहू के द्वारा किया गया।

हाथियों के उत्पात से बचाव के लिए विधायक ने लिखा मंत्री को पत्र

नगरी/नवप्रदेश। दिन प्रतिदिन लगातार धमतरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वन अंचलों में लगातार वन हाथियों के आगमन से जान माल की हानि निरंतर हो रही है। कभी गंगरेल, डांगीमाचा, खिड़किटोला, कसावही, बेलतरा, विश्रामपुरी, तुमाबुजुर्ग क्षेत्र तो कभी डुबान क्षेत्र के उरपुटी, कोरेगांव बी, कोड़ेगांव रैय्यत, पंडरीपानी, भिड़ावर, बारगरी, तिर्रा, कोहका, चिखली के आसपास क्षेत्रों में वन्य जीव दतैल हाथियों का आवाजाही हो रही है इसको देखते हुए विधायक रंजना साहू ने क्षेत्र हित को ध्यान रखते हुए वन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहम्मद अकबर एवं विभागीय अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि पूर्व में भी हाथियों की द्वारा मकानों को तोड़फोड़ किए थे एवं कुछ व्यक्तियों को तो जान भी गंवाना पड़ा था। ऐसी परिस्थिति दोबारा ना हो और किसी भी क्षेत्रवासियों को जान माल का नुकसान ना हो इसलिए हाथियों के आक्रमण से बचाव के लिए उचित व्यवस्था की जाए एवं कृषि भूमि में हुए नुकसान के लिए मुआवजा की राशि प्रदान करने की बात कही है। विधायक ने कहा कि निरंतर वन क्षेत्र में हाथियों का आगमन हो रहा है और उनके उत्पात मचाने से क्षेत्रवासी डरे सहमे से रहते हैं, क्योंकि इनके द्वारा आर्थिक नुकसान के साथ-साथ बहुत सारे व्यक्तियों को जान जोखिम में डालना पड़ा है। हाथियों के द्वारा वन में विचरण करते समय खेती किसानी कार्य करने वाले किसान भाइयों को सर्वाधिक आर्थिक क्षति का नुकसान उठाना पड़ा है। जोकि इन क्षेत्रवासियों के जीविकोपार्जन का एकमात्र साधन है, इसलिए हाथियों के आगमन को ध्यान में रखते हुए जानमाल के नुकसान को बचाव के लिए उचित व्यवस्था करने एवं हाथियों को उचित स्थान पर व्यवस्थापन किए जाने की बात कहीं।

सिरपुर में 7 अगस्त को भव्य गंगा आरती होगी

महासमुन्द/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में पहली बार सावन माह के अंतिम सोमवार 7 अगस्त की शाम छह बजे से भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया है। उक्त आयोजन नगर पुरोहित पंडित पंकज तिवारी व विद्वान पंडितों के सानिध्य में मुख्य यजमान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर द्वारा सम्पन्न होगा। गंगा आरती को लेकर श्री गंधेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी सिरपुर, श्री अतिरुद्रात्मक महायज्ञ समिति सिरपुर व बोलबम सेवा समिति द्वारा जोरशोर से तैयारी की जा रही है। संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने गंगा आरती में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

सरगुजा संभाग में फसल नुकसान का होगा सर्वे, सीएम ने दिए निर्देश

■ **तीन कांग्रेस विधायकों ने मुख्यमंत्री को सूखा घोषित करने लिखा था पत्र**

रायपुर। सरगुजा संभाग के तीन जिलों में सूखे की स्थिति के मद्देनजर सीएम भूपेश बघेल ने नजरी आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, मुख्य सचिव अमिताभ जैन को कलेक्टरों से बात कर स्थिति पर नजर रखने कहा है। दरअसल, कांग्रेस विधायकों की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को यह निर्देश जारी किया। बलरामपुर जिले के रामानुजगंज से कांग्रेस विधायक बृहस्पत सिंह ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा था।

इस पत्र पर कुनकुरी विधायक यूडी मिंज और भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो के भी हस्ताक्षर हैं। इस पत्र में कहा गया कि सरगुजा संभाग के तीन जिलों बलरामपुर, जशपुर और अंबिकापुर में बहुत कम वर्षा हुई है। किसानों की फसल खेतों में ही सूख चुकी है। विधायकों ने तीनों जिलों को सूखा प्रभावित घोषित कर फसलों का मुआवजा देने की मांग की थी। उनकी मांग है कि गांवों में रोजगार पैदा करने वाले और राहत पहुंचाने वाले काम भी शुरू कराए जाएं। उनकी मांग के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरगुजा संभाग में कम वर्षा की वजह से होने वाले नुकसान के नजरी सर्वेक्षण का निर्देश दिया है। इस सर्वेक्षण के बाद फसलों को होने वाले नुकसान की एक शुरुआती तस्वीर सामने आएगी। सरकार कुछ तहसीलों को सूखा प्रभावित घोषित कर राहत कार्य शुरू कर सकती है।

पांच और जिलों में हालात चिंताजनक

छत्तीसगढ़ के पांच और जिलों में हालात चिंताजनक बने हुए हैं। उसमें से सरगुजा संभाग के दो जिले कोरिया और सूरजपुर भी शामिल हैं। इन जिलों में 42 और 47 प्रतिशत तक कम बरसात हुई है। बिलासपुर संभाग के कोरबा में 26 प्रश कम और दुर्ग संभाग के बेमेतरा में 25 प्रश कम बारिश है। रायपुर जिला भी इसी संकटग्रस्त जिले में है। यहां 32 प्रश तक कम पानी बरसा है। प्रदेश के 11 जिलों में सामान्य बरसात है। 8 जिलों में अधिक और एक जिले में बहुत अधिक पानी बरस चुका है।

छत्तीसगढ़ शासन

अब गौमूत्र से भी मुद्रा

गोधन न्याय योजना का बढ़ा दायरा

₹4 प्रति लीटर

की दर से अब

गौमूत्र की खरीदी

पशुपालकों की आय में वृद्धि

जैव कीटनाशकों और जैव उर्वरक का उत्पादन

प्रदेश में जैविक खेती की क्रांति



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

गोधन से संवरती ग्रामीण अर्थव्यवस्था

- अब तक ग्रामीणों, पशुपालकों, महिला स्वयं सहायता समूहों और गोठान समितियों को 300 करोड़ से ज्यादा का भुगतान
- गोबर से 16 लाख क्विंटल से अधिक वर्मी कम्पोस्ट व सुपर कम्पोस्ट का उत्पादन
- गौठानों में बहुगतिविधि केंद्रों से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन

न्याय और सशक्तीकरण का छत्तीसगढ़ मॉडल

संवाद - 33385